डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

दैनिक
# रॉयल पत्रिका

वर्ष :13 | अंक : 87 | पेज: 8 | जयपुर, गुरुवार, 06 मार्च 2025 | मूल्य: 1.50 रुपये

## संभल की जामा मस्जिद अब विवादित ढांचा कहलाएगी



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान संभल की शाही जामा मस्जिद को विवादित ढांचा लिखवाया। कोर्ट में मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग वाली याचिका पर सुनवाई चल रही थी। हिंदू पक्ष के वकील हरिशंकर जैन ने कहा- ये (मुस्लिम पक्ष) मस्जिद कहेंगे तो हम मंदिर कहेंगे, राम मंदिर के केस में भी उसे (बाबरी मस्जिद) विवादित ढांचा ही कहा जाता था। इसके बाद जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने कहा- हम देखते हैं। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट मस्जिद कमेटी की अर्जी पर 10 मार्च को सुनवाई करेगा।

**मस्जिद कमेटी की मांग- ASI की रिपोर्ट खारिज हो**

सुनवाई के दौरान ASI की रिपोर्ट पर मस्जिद कमेटी ने आपत्ति दर्ज कराई। ASI ने मस्जिद कमेटी की आपत्ति पर जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा। जिसके बाद कोर्ट ने ASI को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। मस्जिद कमेटी का कहना है कि मस्जिद की साफ-सफाई शुरू हो गई है, लेकिन नमाज के लिए सफेदी की भी इजाजत दी जाए। इसके अलावा मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट से एएसआई की रिपोर्ट खारिज करने की मांग की। कहा कि एएसआई गार्जियन है, मालिक नहीं।

**ASI ने कहा- सफेदी की जरूरत मस्जिद में नहीं देखी**

ASI के वकील ने कहा कि हमने सफेदी की जरूरत मस्जिद में नहीं देखी है। पिछली सुनवाई में ASI ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सफेदी की जरूरत नहीं है, सफाई कराई जा सकती है। हाईकोर्ट ने मस्जिद कमेटी को ASI की रिपोर्ट पर आपत्ति दाखिल करने की अनुमति दी थी। दरअसल, संभल की जामा मस्जिद प्रबंधन समिति ने अर्जी दायर करके रमजान महीने के मद्देनजर संभल की जामा मस्जिद की सफेदी और सफाई की मांग की थी। 28 फरवरी को जारी आदेश में कोर्ट ने एएसआई को मस्जिद परिसर की सफाई करने का निर्देश दिया था, लेकिन रमजान से पहले सफेदी करने की अनुमति नहीं दी थी। कोर्ट ने मस्जिद का निरीक्षण करने और इसकी स्थिति पर एक व्यापक रिपोर्ट पेश करने के लिए 3 सदस्यीय एएसआई टीम के गठन का भी आदेश दिया।

**मुस्लिम पक्ष की मौजूदगी में निरीक्षण**

28 फरवरी की शाम ASI टीम ने जामा मस्जिद का सर्वे किया। साथ में मुस्लिम पक्ष के वकील जफर अली भी थे। ASI के वकील मनोज कुमार सिंह ने कहा- मस्जिद के मुतवल्ली की मौजूदगी में निरीक्षण किया गया। इसमें पाया गया... मस्जिद के अंदरूनी हिस्से को गोल्डन, लाल, हरे और पीले जैसे तेज रंगों के साथ मोटी परतों में पेंट किया गया है, जो स्मारक की मूल सतह को छुपा रहा था। आधुनिक एनामेल पेंट अब भी अच्छी स्थिति में है। एंट्री गेट के साथ प्रार्थना हॉल के पीछे और उत्तर की ओर स्थित कमरों की हालत कुछ खराब है। गेट का लिंटर खराब हो गया है, जिसे बदलने की आवश्यकता है। कमरे खस्ता हालत में हैं, खासकर छत जो लकड़ी के छप्पर से बनी है। सफाई, धूल हटाना और स्मारक के आसपास की घासफूस को हटाने का काम किया जाएगा। बशर्ते मस्जिद की इंतजामिया कमेटी कोई बाधा न डाले।

**हिंदू पक्ष का दावा- हरिहर मंदिर तोड़कर बनाई गई थी जामा मस्जिद**

जामा मस्जिद को लेकर हिंदू पक्ष का दावा है कि ये पहले हरिहर मंदिर था, जिसे बाबर ने 1529 में तुड़वाकर मस्जिद बनवा दिया। इसे लेकर 19 नवंबर 2024 को संभल कोर्ट में याचिका दायर हुई। उसी दिन सिविल जज सीनियर डिवीजन आदित्य सिंह ने मस्जिद के अंदर सर्वे करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने रमेश सिंह राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया। उसी दिन शाम को चार बजे सर्वे के लिए टीम मस्जिद पहुंच गई। 2 घंटे सर्वे किया। हालांकि, उस दिन सर्वे पूरा नहीं हुआ। इसके बाद 24 नवंबर को सर्वे की टीम जामा मस्जिद पहुंची। दोपहर में मस्जिद के अंदर सर्वे हो रहा था। इसी दौरान भारी संख्या में लोग जुट गए। भीड़ ने पुलिस की टीम पर पत्थर फेंके। इसके बाद हिंसा भड़क गई। इसमें गोली लगने से 4 लोगों की मौत हो गई।

## भीलवाड़ा में कांग्रेस नेता ओम नारायणीवाल के ठिकानों पर DGGI की कार्रवाई



भीलवाड़ा। शहर में शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई देखने को मिली, जब डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस (DGGI) की टीम ने कांग्रेस नेता और स्क्रैप कारोबारी ओम नारायणीवाल के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई सुबह होते ही शुरू हो गई, जिसमें नारायणीवाल के निवास, भीलवाड़ा स्क्रैप फर्म और कामधेनु सरिया के दो गोदामों पर एक साथ दबिश दी गई। टीम में आधा दर्जन से अधिक अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने दस्तावेजों और लेन-देन की जांच शुरू की। सूत्रों के अनुसार, कार्रवाई का उद्देश्य कारोबार में जीएसटी अनियमितताओं की जांच करना बताया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में DGGI की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है। रेड की सूचना मिलते ही व्यापारिक समुदाय में हलचल मच गई। गांधी नगर मिर्च मंडी के पास स्थित भीलवाड़ा स्क्रैप फर्म पर कार्रवाई के चलते आसपास के व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति रही।

बात करें ओम नारायणीवाल की राजनीतिक पृष्ठभूमि की, तो वे भीलवाड़ा नगर परिषद के सभापति रह चुके हैं। वर्ष 2018 में उन्होंने विधानसभा चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था और दूसरे स्थान पर रहे थे। इसके बाद 2023 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिल सकी। शाम तक कार्रवाई जारी रहने की संभावना है, जबकि अधिकारी मामले में जांच पूरी होने के बाद ही कोई आधिकारिक बयान देने की बात कह रहे हैं।

## अबू आजमी के बयान पर सियासी बवाल, औरंगजेब को लेकर टिप्पणी पर मचा हंगामा



महाराष्ट्र (रॉयल पत्रिका)। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के विधायक अबू आसिम आजमी के औरंगजेब को लेकर दिए गए बयान के बाद सियासी भूचाल आ गया है। अबू आजमी ने कहा कि "अगर औरंगजेब गलत था, तो बाबर, अकबर और हुमायूं कैसे सही हो सकते हैं?" उनके इस बयान ने राजनीतिक हलकों में उबाल ला दिया है और विरोध के सुर तेज हो गए हैं। भाजपा ने इस बयान को राष्ट्र विरोधी मानसिकता करार देते हुए अबू आजमी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस पर तीखी प्रतिक्रिया दी और कहा कि "देश को तोड़ने और समाज में जहर घोलने वालों को माफ नहीं किया जाएगा।" अबू आजमी ने सफाई देते हुए कहा कि उनका इरादा किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं था, बल्कि वे इतिहास की सच्चाई बता रहे थे। हालांकि, उनकी सफाई के बावजूद राजनीतिक माहौल शांत होता नहीं दिख रहा है। महाराष्ट्र में इस बयान को लेकर जमकर सियासत हो रही है। विपक्ष जहां आजमी के समर्थन में दिख रहा है, वहीं सत्ताधारी दल इसे समाज में नफरत फैलाने वाला बयान बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी इस बयान को लेकर बहस तेज हो गई है। कहीं इसे सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाला बयान कहा जा रहा है, तो कहीं इसे अभिव्यक्ति की आजादी से जोड़कर समर्थन मिल रहा है। अब देखना होगा कि महाराष्ट्र सरकार इस बयान पर क्या कदम उठाती है या फिर यह विवाद भी समय के साथ ठंडा पड़ जाएगा।

## इस वर्ष का केन्द्रीरय बजट एक मजबूत कार्यबल और बढ़ती अर्थव्यवस्था का मार्ग प्रशस्त करता है- प्रधानमंत्री



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार पर बजट-पश्चात वेबिनार को संबोधित किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने वेबिनार के विषय वस्तुम "जनमानस, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश" के महत्व पर प्रकाश डाला, जो विकसित भारत के लिए रोडमैप को परिभाषित करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट इस विषय वस्तु को बड़े पैमाने पर दर्शाता है और भारत के भविष्य के लिए एक खाका है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी ढांचे, उद्योगों, लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश को समान रूप से प्राथमिकता दी गई है। इस बात को रेखांकित करते हुए कि क्षमता निर्माण और प्रतिभा का विकास राष्ट्र की प्रगति का आधार हैं, मोदी ने सभी हितधारकों से आगे आकर इन क्षेत्रों में अधिक निवेश करने का आग्रह किया क्योंकि विकास के अगले चरण में इसकी आवश्यकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह देश की आर्थिक सफलता के लिए आवश्यक है और हर संगठन की सफलता का आधार है।

मोदी ने कहा, "लोगों की निवेश करने की कल्प ना तीन स्तंभों पर टिकी है: शिक्षा, कौशल और स्वास्थ्य सेवा", उन्होंने कहा कि भारत की शिक्षा प्रणाली कई दशकों के बाद एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रही है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आईआईटी का विस्तार, शिक्षा प्रणाली से प्रौद्योगिकी को जोड़ने और एआई की पूरी क्षमता का उपयोग जैसी प्रमुख पहलों पर जोर दिया। पाठ्यपुस्तकों के डिजिटलीकरण और 22 भारतीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री की उपलब्धता जैसे प्रयासों पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा, "इन मिशन-मोड प्रयासों ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की दुनिया की जरूरतों और मापदंडों के साथ पंक्तिबद्ध करने में सक्षम बनाया है।" इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि 2014 से सरकार ने 3 करोड़ से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है, प्रधानमंत्री ने 1,000 आईटीआई में सुधार और 5 उत्कृष्टता केन्द्रों की स्थापना का उल्लेख किया। उन्होंने युवाओं को उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने वाले प्रशिक्षण से लैस करने के लक्ष्य पर जोर दिया। उन्होंने टिप्पणी की कि वैश्विक विशेषज्ञों की मदद से यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि भारतीय युवा विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। मोदी ने इन पहलों में उद्योग और शिक्षा जगत की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया और उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों से एक-दूसरे की जरूरतों को समझने और उन्हेंप पूरा करने, युवाओं को तेजी से बदलती दुनिया के अनुसार अवसर प्रदान करने, एक्सपोजर प्राप्त करने और व्यावहारिक अध्यहयन के लिए प्लेटफॉर्म तक पहुंच प्रदान करने का आग्रह किया। युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल प्रदान करने के लिए पीएम-इंटर्नशिप योजना के शुभारंभ पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने इस पहल में हर स्तर पर अधिकतम उद्योग की भागीदारी सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

चिकित्सा क्षेत्र का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इस बजट में 10,000 नई मेडिकल सीटें जोड़ने का और अगले पांच वर्षों में चिकित्सा क्षेत्र में 75,000 सीटें जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टेलीमेडिसिन सुविधाओं के विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने डेकेयर कैंसर केन्द्रों की स्थापना और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के विकास पर भी जोर दिया ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा अंतिम छोर तक पहुंच सके। उन्होंने कहा कि इन पहलों का लोगों के जीवन पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन प्रयासों से युवाओं के लिए रोजगार के अनेक नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने हितधारकों से इन पहलों को लागू करने के लिए तेजी से काम करने का आग्रह किया, ताकि बजट घोषणाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में अर्थव्यवस्था में निवेश भविष्य की दृष्टि से निर्देशित रहा है। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत की शहरी आबादी लगभग 90 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है, जिसके लिए योजनाबद्ध शहरीकरण की आवश्यकता है। उन्होंने ₹1 लाख करोड़ के शहरी चुनौती कोष की स्थापना की पहल की घोषणा की, जिसमें शासन, बुनियादी ढांचे और वित्तीय स्थिरता पर ध्यान केन्द्रि त किया जाएगा, साथ ही निजी निवेश को भी बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, "भारतीय शहरों को टिकाऊ शहरी गतिशीलता, डिजिटल एकीकरण और जलवायु लचीलापन योजनाओं के लिए पहचाना जाएगा।" उन्होंने निजी क्षेत्र, विशेष रूप से रियल एस्टेट और औद्योगिक क्षेत्रों से योजनाबद्ध शहरीकरण को प्राथमिकता देने और आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने अमृत 2.0 और जल जीवन मिशन जैसी पहलों को आगे बढ़ाने के लिए सहयोगी प्रयासों के महत्व पर भी जोर दिया।

अर्थव्यवस्था में निवेश के बारे में चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए, मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि पर्यटन क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत तक का योगदान करने और करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता है। उन्होंने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बजट में कई उपायों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, "पर्यटन पर ध्यान केन्द्रि त करते हुए देश भर में 50 गंतव्यों को विकसित किया जाएगा", उन्होंने कहा कि इन गंतव्यों में होटलों को बुनियादी ढाँचे का दर्जा देने से पर्यटन में आसानी होगी और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। होमस्टे का समर्थन करने के लिए मुद्रा योजना के विस्तार पर प्रकाश डालते हुए, मोदी ने वैश्विक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए 'हील इन इंडिया' और 'लैंड ऑफ द बुद्ध' जैसी पहलों पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, "भारत को वैश्विक पर्यटन और कल्याण केन्द्र के रूप में स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं"।

इस बात पर जोर देते हुए कि पर्यटन होटल और परिवहन उद्योगों से परे अन्य क्षेत्रों में भी अवसर प्रदान करता है, प्रधानमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र के हितधारकों से स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने योग और स्वास्थ्य पर्यटन की क्षमता का पूरा उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया, शिक्षा पर्यटन में वृद्धि की महत्वपूर्ण संभावनाओं पर टिप्पणी की। उन्होंने इस दिशा में विस्तृत चर्चा की इच्छा व्यक्त की और इन पहलों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत रोडमैप विकसित करने का आह्वान किया।

मोदी ने कहा, "नवाचार में निवेश से राष्ट्र का भविष्य निर्धारित होता है", उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता में भारत की अर्थव्यवस्था में कई लाख करोड़ रुपये का योगदान करने की क्षमता है, इस दिशा में तेजी से प्रगति की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने एआई-संचालित शिक्षा और अनुसंधान के लिए बजट में 500 करोड़ रुपये के आवंटन का उल्लेख किया। भारत में एआई क्षमताओं को विकसित करने के लिए एक राष्ट्रीय वृहद भाषा मॉडल स्थापित करने की योजनाओं का उल्लेख करते हुए, प्रधानमंत्री ने निजी क्षेत्र से इस क्षेत्र में वैश्विक रेखा से आगे रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "दुनिया एक विश्वसनीय, सुरक्षित और लोकतांत्रिक राष्ट्र की प्रतीक्षा कर रही है जो किफायती एआई समाधान प्रदान कर सके", उन्होंने जोर देकर कहा कि आज इस क्षेत्र में किए गए निवेश से भविष्य में महत्वपूर्ण लाभ होंगे।

## महिला दिवस पर महिलाओं को मिलेगी रोडवेज बसों में नि:शुल्क यात्रा




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार, 8 मार्च को प्रदेश में महिलाएं एवं बालिकाएं राजस्थान रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेगी। इसके लिए बुधवार को रोडवेज अध्यक्ष श्रीमती शुभ्रा सिंह के निर्देशों पर आदेश जारी किए।

रोडवेज के प्रबन्ध निदेशक पुरुषोत्तम शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को राजस्थान रोडवेज की समस्त साधारण एवं द्रुतगाती (एक्सप्रेस) बसों (वातानूकुलित एवं वोल्वो के अतिरिक्त) में राज्य की सीमा में यात्रा करने वाली समस्त महिलाओं एवं बालिकाओं को (00:00 बजे से रात्रि 23.59 बजे तक) एक दिवस के लिये निःशुल्क यात्रा सुविधा दी जावेगी। राज्य की सीमा का तात्पर्य यह है कि उदाहरणस्वरूप कोई महिला जयपुर से दिल्ली राजस्थान रोडवेज में यात्रा कर रही है तो जयपुर से राजस्थान में अन्तिम बस स्टॉप तक यात्रा नि:शुल्क होगी, राजस्थान से बाहर निकलते ही दिल्ली तक का टिकट लेना पड़ेगा। रोडवेज की कार्यकारी निदेशक(यातायात) डॉ. ज्योति चौहान ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान राज्य की भौगोलिक सीमा के भीतर संचालित साधारण एवं द्रुतगति बसों (वातानुकूलित बसों को छोड़कर) में सभी महिलाओं और बालिकाओं को फ्री यात्रा की सुविधा दी जाएगी।

## मदन दिलावर का बड़ा ऐलान, बोर्ड परीक्षाओं में नकल पर कसी जाएगी लगाम, शिक्षकों के प्रमोशन पर भी सख्ती



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बोर्ड परीक्षाओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार परीक्षाओं में नकल को पूरी तरह से रोका जाएगा और जिन शिक्षकों की लापरवाही सामने आएगी, उन पर सख्त कार्रवाई होगी। मंत्री दिलावर ने कहा कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। जल्द ही शिक्षकों के प्रमोशन की प्रक्रिया में भी बदलाव लाया जाएगा, जिससे योग्य और मेहनती शिक्षकों को ही आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। इसके साथ ही मिड-डे मील योजना पर भी नजर रखने की बात कही गई है। दिलावर ने कहा कि कई जगहों से भोजन की खराब गुणवत्ता की शिकायतें मिल रही हैं। ऐसे में अब नियमित जांच होगी और लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर इससे पहले भी अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहे हैं, लेकिन इस बार उन्होंने साफ कहा है कि राजस्थान में शिक्षा का स्तर सुधारना और परीक्षाओं को नकलमुक्त कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। अब देखना यह होगा कि इन सख्त कदमों के बाद प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में कितना सुधार आता है।

# रॉयल पत्रिका संपादकीय

## अनिवार्य है यह आजादी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दो अलग-अलग मामलों में जो कहा, वह अभिव्यक्ति की आजादी से जुड़े संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिहाज से खासा अहम है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए हैं। कम से कम अब तो पुलिस को स्वतंत्र अभिव्यक्ति का मर्म समझना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस बात का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है।

इनमें से एक मामला कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से जुड़ा था। उनकी एक कविता पर गुजरात पुलिस ने FIR दर्ज की थी। गुजरात हाईकोर्ट ने भी इस मामले में जांच की जरूरत बताते हुए पुलिस कार्रवाई की पुष्टि की थी। इसे देखते हुए सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी मायने रखती है कि FIR दर्ज करने से पहले संबंधित अधिकारियों को कविता पढ़नी चाहिए थी। कविता नफरत और हिंसा की नहीं, इंसाफ और इश्क की बात करती है।

**अश्लीलता के बरक्स अभिव्यक्ति :** रणवीर इलाहाबादिया से जुड़े अश्लीलता के आरोपों पर भी सुप्रीम कोर्ट ने बेहद संतुलित लेकिन धारदार टिप्पणी करते हुए स्पष्ट किया कि न तो अश्लीलता के लिए कोई गुंजाइश छोड़ी जानी चाहिए और न ही इसे अभिव्यक्ति की आजादी की राह में आने देना चाहिए। रणवीर इलाहाबादिया को पॉडकास्ट जारी रखने की इजाजत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि वह नैतिकता और अश्लीलता की सीमा को लांघने की गलती न करें।

**सेंसरशिप नहीं, मानदंड :** सुप्रीम कोर्ट ने सोशल मीडिया से जुड़े मंचों के दुरुपयोग पर चिंता से सहमति जताते हुए भी सेंसरशिप और नॉर्म (मानदंड) के बीच के फर्क को रेखांकित किया। उसका कहना था कि सरकार को इस संबंध में गाइडलाइंस लाने चाहिए, लेकिन ऐसा करते हुए यह भी ध्यान में रखना जरूरी है कि वे अभिव्यक्ति की आजादी पर गैरजरूरी पाबंदियों का रूप न ले लें।

**सबके लिए संदेश :** सुप्रीम कोर्ट के इस सख्त रुख की अहमियत इसलिए भी बढ़ जाती है क्योंकि यह ऐसे समय सामने आया है जब देश में दोनों तरह का विचलन काफी बढ़ा हुआ दिख रहा है। जहां सोशल मीडिया जैसे मंचों के बेजा इस्तेमाल की प्रवृति बढ़ी है, वहीं शासन प्रशासन की ओर से इन्हें रोकने की कोशिशों में भी अक्सर अति-उत्साह की झलक मिलती है। इससे नागरिकों के अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन होता है। शीर्ष अदालत ने याद दिलाया है कि इस अधिकार का ख्याल रखा जाए।

# IPS अधिकारी की बेटी के पास 14.8 किलो सोना बरामद! बेल्ट-जैकेट में छिपाकर लाई थी गोल्ड



कन्नड़ फिल्मों की एक्ट्रेस रान्या राव दुबई से सोने की तस्करी करते हुए बेंगलुरु एयरपोर्ट पर रंगे हाथों पकड़ी गईं। उन्होंने एक खास तरह की बेल्ट के सहारे 14.8 किलो सोना छिपा रखा था, जिसकी कीमत करीब 12 करोड़ है। पिछले 15 दिनों में 4 बार दुबई जाने की वजह से रान्या एजेंसियों की नजर में थीं। वो कर्नाटक पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन के महानिदेशक पद पर तैनात एक IPS अधिकारी की सौतेली बेटी हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक 2025 में रान्या राव ने 10 से ज्यादा इंटरनेशनल फ्लाइट्स पकड़ीं। पिछले 15 दिनों में वो 4 बार दुबई जा चुकी हैं, जबकि वहां न उनका कोई बिजनेस है और न ही कोई रिश्तेदार रहता है। इससे राजस्व खुफिया निदेशालय (DRI) के अधिकारियों को शक हुआ और उन पर निगरानी बढ़ा दी गई।

3 मार्च 2025 को रान्या राव दुबई की एक फ्लाइट से बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचीं। वहां DRI की टीम पहले उन्हें ट्रैक कर रही थी। रान्या बेहद कॉन्फिडेंट दिख रही थीं। उनके चेहरे पर घबराहट के कोई लक्षण नहीं दिखे।

एयरपोर्ट पर उन्होंने खुद को कर्नाटक के DGP की बेटी बताया, जिससे उन्हें एस्कॉर्ट मिल जाए और बिना तलाशी के एयरपोर्ट से बाहर निकल जाएं। कॉन्स्टेबल बसवराज इसमें उनकी मदद करता था।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बार DRI की टीम ने रान्या को रास्ते में रोका, तो कॉन्स्टेबल बसवराज बोला- 'क्या आप जानते हैं ये कौन हैं? ये DGP रामचंद्र राव की बेटी हैं।'

हालांकि DRI पहले से तैयार थी और बेंगलुरु के HRB लेआउट स्थित DRI हेडक्वार्टर में पूछताछ के लिए ले गई। जब उनकी तलाशी ली गई तो बेल्ट और जैकेट में चालाकी से छुपाई गई 14.8 किलो सोने की ईंटें मिलीं। इस सोने की कीमत करीब 12.56 करोड़ रुपए है। रान्या को गिरफ्तार कर लिया गया।

DRI अधिकारियों ने बेंगलुरु में लावेल रोड पर स्थित रान्या के अपार्टमेंट की भी तलाशी ली। इसमें 2.06 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपए नकद बरामद हुए।

4 मार्च यानी मंगलवार को रान्या को बेंगलुरु में आर्थिक अपराधों की विशेष अदालत में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

**पहली वजहः रान्या को मिलने वाला सिक्योरिटी प्रोटोकॉल**

राजस्व खुफिया निदेशालय को CCTV फुटेज की पड़ताल से पता लगा कि पिछली 4 फ्लाइट्स के दौरान रान्या ने एक ही प्रोटोकॉल फॉलो किया।

जब रान्या एयरपोर्ट पहुंचती तो एक अधिकारी टर्मिनल पर मुलाकात करता और उन्हें बाहर ले जाता, जिससे रान्या का सिक्योरिटी चेक नहीं होता। जांच से बचाने के लिए रान्या को सरकारी गाड़ी में ले जाया जाता था।

इस प्रोटोकॉल की वजह से रान्या एयरपोर्ट से सोना निकालने की मुफीद शख्स थीं।

**दूसरी वजह: सोने की एक खेप से करीब 51 लाख कमाई**

IBJA के मुताबिक भारत में फिलहाल एक किलो सोने की कीमत 86.4 लाख रुपए है। जबकि दुबई में एक किलो सोने का ऑफिशियल रेट करीब 83 लाख रुपए है। अगर दुबई से 1 किलो सोना खरीदकर बिना कस्टम ड्यूटी चुकाए भारत में लाकर बेच दें, तो 3.4 लाख रुपए ज्यादा मिलेंगे।

रान्या एक ट्रिप में करीब 15 किलो सोना लाती थीं। यानी उनकी एक ही ट्रिप से करीब 51 लाख रुपए का फायदा। रिपोर्ट्स के मुताबिक पिछले 15 दिनों में रान्या ने दुबई की 4 ट्रिप मारी। रिपोर्ट्स के मुताबिक जिस रैकेट के साथ वो काम करती थीं, उसे प्रति किलो 1 लाख रुपए मिलते थे।

दूसरे देश से भारत में सोना खरीदकर लाने पर सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत कस्टम ड्यूटी लगती है...

अगर कोई पुरुष दुबई से 20 ग्राम तक सोना ला रहा है तो कोई चार्ज नहीं लगता। 20 से 50 ग्राम सोना खरीद कर भारत ला रहा है तो 3% कस्टम ड्यूटी लगेगी। अगर वह 50 से 100 ग्राम सोना ला रहा है तो 6% और 100 ग्राम से ज्यादा सोना लाने पर 10% कस्टम ड्यूटी देनी पड़ती है।

दुबई से सोना खरीद कर ला रही महिलाओं के लिए 40 ग्राम तक के सोने पर कस्टम ड्यूटी से छूट है। 40 से 100 ग्राम सोना खरीद कर भारत ला रही हैं तो 3% कस्टम ड्यूटी लगेगी। अगर 100 से 200 ग्राम सोना ला रही हैं तो 6% और 200 ग्राम से ज्यादा सोना लाने पर 10% कस्टम ड्यूटी देनी पड़ती है। 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए ड्यूटी फ्री गोल्ड की लिमिट 40 ग्राम है।

हालांकि बच्चों को अपने साथ आने वाले लोगों के साथ अपनी रिलेशनशिप का प्रूफ दिखाना पड़ता है।

तय सीमा से ज्यादा सोना लाने और उस पर टैक्स न चुकाने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

रान्या कथित रूप से जिस तरह से सोना ला रही थीं, वो इंडिविजुअल स्मगलिंग जैसी लग रही है। इसमें दो-चार लोग ही शामिल होते हैं। जैसे-

जनवरी 2024 में शारजाह से इंदौर आने वाली एअर इंडिया की फ्लाइट में एक यात्री अपने साथ सोने का पेस्ट लेकर इंदौर आ रहा था। एयरपोर्ट पर जांच में पता चला कि उसके मलाशय में दो अंडाकार कैप्सूल हैं। इन्हें डॉक्टरों की देखरेख में निकाला गया। कैप्सूल में 625 ग्राम सोना पेस्ट के रूप में भरा गया था, जिसकी कीमत 34 लाख रुपए थी।

जून 2024 में मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने दो विदेशी महिलाओं के पास 32.79 किग्रा सोना जब्त किया, जिसकी कीमत करीब 19.15 करोड़ रुपए थी। आरोपी महिलाओं ने सोने को अपने अंडरगार्मेंट्स और बैगेज में छिपाकर रखा था।

दिसंबर 2023 में दुबई से इंदौर आए एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उसके पास मौजूद पेन, अंगूठी, ब्रेसलेट जैसी कई चीजों में सोना छिपाकर लाया गया था।

हालांकि DRI अधिकारियों को शक है कि रान्या राव तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का हिस्सा हो सकती हैं। जांच एजेंसियां यही पता लगाने में जुटी हैं।

कॉमर्शियल स्मगलिंग में पूरा गिरोह काम करता है। इसमें हवाई और समुद्री रास्तों का इस्तेमाल होता है। ज्यादातर तस्कर स्पेशल इकोनॉमिक जोन यानी SEZ का चतुराई से इस्तेमाल करते हैं। देश में गुजरात, तमिलनाडु और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में SEZ क्षेत्र बने हैं।

इन इलाकों में व्यापार, उत्पादन और अन्य कारोबारी गतिविधियां होती हैं। इन इलाकों में इस्तेमाल करने या निर्यात के लिए बनाए गए सामानों पर सीमा शुल्क और टैक्स से छूट रहती है।

तस्कर SEZ में लाए जाने वाले सोने की मात्रा को बढ़ा-चढ़ाकर बताते हैं। उदाहरण से समझें तो अगर 5 किग्रा सोने का आयात हो रहा है, तो तस्कर इसे 20 किलो बताते हैं। इसमें 5 किग्रा असली सोना होता है और बाकी 15 किग्रा नकली। इससे वे ज्यादा से ज्यादा ड्यूटी-फ्री सोने का व्यापार कर सकते हैं। SEZ में सोना पहुंचने के बाद तस्कर सोने को 20 किग्रा होने का दिखावा करते हैं। इसके बाद वे एयरपोर्ट या बंदरगाह से हैंडबेग के जरिए निर्यात करने के लिए सोना ले जा सकते हैं।

मान लीजिए एजेंट A SEZ से सोने को लेकर एयरपोर्ट पर पहुंच गया। तभी एक अन्य एजेंट B भी सेम बैग और सोना लेकर एयरपोर्ट में दाखिल होता है।

दोनों एजेंट किसी एकांत जगह या शौचालय में जाकर असली और नकली सोने के बैग एक्सचेंज करते हैं। इसके बाद एजेंट A नकली सोना विदेश ले जाते हैं और असली सोना SEZ से बाहर निकल आता है।

फिर सिक्योरिटी चेक पर पहले से जुगाड़ होने की वजह से बिना रोक-टोक के घरेलू बाजार में बिकने लगता है।

मई 2017 में जेद्दा से मुंबई आ रही फ्लाइट से 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इन लोगों की जांच में पता चला कि उन्होंने अपनी पानी की बॉटल के नीचे और बॉटल के ढक्कन के नीचे सोना छिपाया था। 21 यात्रियों ने लगभग 5.6 किलो सोने की तस्करी की थी, जिसकी कीमत करीब 1.70 करोड़ रुपए थे। यह सारे लोग लखनऊ के एक स्मगलिंग गुट के लिए काम करते थे।

## अर्थव्यवस्था

सतीश सिंह



## शेयर बाजार में जल्द ही तेजी आने के आसार

अठाईस फरवरी को सेंसेक्स और निफ्टी दोनों के क्रैश करने के बाद भी शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी है। 3 मार्च को सेंसेक्स 112 अंक लुढ़का, जबकि निफ्टी 50.5 अंक। 4 मार्च को भी सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में गिरावट दर्ज की गई,जबकि 5 मार्च को सुबह में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में तेजी देखी गई। चूंकि, सेंसेक्स में पिछले 5 महीनों से गिरावट दर्ज की जा रही है और निफ्टी में भी 1996 के बाद यानी 29 सालों के बाद पिछले कुछ दिनों से लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। लिहाजा, छोटे निवेशकों में घबराहट की स्थिति बनी हुई है। उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि शेयर बाजार में उनका पैसा सुरक्षित नहीं है और बाजार का बुरा दौर अभी जारी रहेगा। शेयर बाजार में देसी, विदेशी संस्थागत निवेशक, व्यक्तिगत विदेशी निवेशक आदि सूचीबद्ध कंपनियों में निवेश करते हैं। दोनों ही सूचकांक बेहद ही संवेदनशील हैं। जब सूचीबद्ध कंपनियों में से किसी खास कंपनी के शेयर की लगातार बिकवाली की जाती है तो उक्त कंपनी पर से निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और उस कंपनी के शेयरों की कीमत कम हो जाती है, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ता है। शेयरों की कीमत में उतार-चढ़ाव आने के कई कारण होते हैं। जैसे, कंपनी का ख़राब वित्तीय प्रदर्शन या फिर कंपनी का किसी विवाद में पड़ना, राजनीतिक अस्थिरता, सरकार की नीतियां, डॉलर के मुक़ाबले रुपये का कमजोर होना, वैश्विक अनिश्चितता, कारोबारी युद्ध की आशंका, भू-राजनैतिक संकट, अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा अपनाई गई नीतियां आदि। सेबी शेयर बाजार का नियामक है, लेकिन सेबी की उपस्थिति के बावजूद इसमें कृत्रिम रूप से गिरावट लाने और फिर उसे उठाने के कुछ मामले देखे गये हैं। ऐसा कुछ खास लोगों को फ़ायदा पहुंचाने के लिए किया जाता है,जिसमें सबसे अधिक नुकसान छोटे निवेशकों को होता है। बाजार में गड़बड़ी को भांपने के लिए सतर्क रहने और बाजार को समझने की जरूरत है। शेयर बाजार की चाल पर लगातार नज़र रखकर संभावित नुकसान से बचा जा सकता है। यह जरूरी है कि शेयर बाजार में निवेश को जीवनयापन का जरिया बनाने की कोशिश नहीं की जाये और अत्यधिक लालच से बचा जाये। भारतीय शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों ने एक बड़ी राशि निवेश कर रखी है। 28 फरवरी को विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 11,639 करोड़ रुपये की बिकवाली की, जबकि इस साल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली विदेशी संस्थागत निवेशकों ने की है। वहीं, घरेलू निवेशकों ने 28 फरवरी को लगभग 8 लाख 88 हजार करोड़ रुपये की बिकवाली की। इनके अलावा, शेयरों का अधिक मूल्यांकन होना और मनोवैज्ञानिक कारण भी शेयर बाजार के क्रैश के महत्वपूर्ण कारक हैं।

दरअसल, भारत में भेड़चाल की परंपरा है। कुछ लोगों को बिकवाली करते हुए देखने के बाद दूसरे लोग भी उनका अनुकरण करने लगे। ऐसा इसलिए लग रहा है, क्योंकि 28 फरवरी को आईटी, टेलीकॉम, स्वास्थ्य, बैंकिंग, एफएमसीजी आदि सभी क्षेत्रों के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई है। इसलिए,बाजार के साथ छेड़छाड़ की गुंजाइश प्रतीत नहीं हो रही है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वित्त वर्ष 2024-25 की तीसरी तिमाही में बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत (संशोधित अनुमान) रही थी। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर के अनुमान को 6.4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया है। ये आंकड़े दर्शाते हैं कि विकास की रफ्तार में तेजी आ रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करने से बैंकों को सस्ती दर पर पूंजी मिलेगी और वे सस्ती दर पर ऋण दे सकेंगे और जब सस्ती दर पर उधार मिलेगा तो आमजन और कारोबारी दोनों ऋण लेंगे, जिससे निवेश और बचत दोनों में तेजी आयेगी और खपत बढ़ेगी साथ ही साथ आर्थिक गतिविधियों में भी वृद्धि होगी। बजट में सरकार ने साफ तौर पर बता दिया है कि उसका मकसद विकास को गति देना है। दिसंबर तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर के 6.2 प्रतिशत रहने से विकास की गति में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। साथ ही, विकास दर में और भी इजाफा लाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में कटौती की है। जब अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तो शेयर बाजार में बिकवाली की गुंजाइश कम होगी और निवेशकों को अपने निवेश पर आकर्षक प्रतिफल मिलना संभव सकेगा। इसलिए,निवेशकों को घबराने की कतई जरूरत नहीं है, उन्हें सिर्फ बेवजह बिकवाली से बचने की आवश्यकता है।

(लेखक एसबीआई गांधीनगर में एजीएम हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वीकारोक्ति:गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## सेहत और ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित

प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गईं। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## फाल्गुन महोत्सव



आगरा में बुधवार को श्री खाटू श्याम फाल्गुन महोत्सव के पहले दिन भक्त रंग और गुलाल के साथ जश्न मनाते हुए।

## आज की पाती

### सेमेस्टर सिस्टम कर सकता है सपनों को पूरा

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2026 से 10वीं की परीक्षा पैटर्न में कुछ बदलाव करने जा रहा है। निःसंदेह हमारे शिक्षाविदों ने विद्यार्थियों के भले के लिए ही सुधारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की होगी। जब हम अपने समय के पाठ्यक्रम और परीक्षा प्रणाली की तुलना आज के समय से करते हैं तो अनुभव करते हैं कि विद्यार्थी विज्ञान और गणित जैसे अंडरस्टैंडिंग आधारित विषयों में पिछड़ रहे हैं। आज विद्यार्थियों की न तो इंग्लिश में पकड़ है और न ही हिंदी भाषा में। कई प्रदेशों में तो विद्यार्थी अपनी मातृ भाषा में भी पास नहीं हो रहे हैं। इसलिए बोर्ड परीक्षा के 'उच्च दबाव' को समाप्त करने के लिए दो बार परीक्षाओं का प्रावधान होगा, 'सर्वश्रेष्ठ दो प्रयासों में से सर्वश्रेष्ठ' के चुनाव की छूट भी होगी। *– विवेक सोनी, गरियाबंद*

## ट्रेंड

### गोसेवा से आत्मिक शांति



गोमाता में करोड़ों देवी-देवताओं का वास माना गया है। वे केवल हमारी आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संवेदनाओं की आधारशिला भी हैं। उनकी सेवा से जो आत्मिक शांति, सुकून और परमानंद की अनुभूति होती है, वह अप्रतिम है।

**-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली**

### कुलियों के अधिकार



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ के दौरान कुलियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की मदद की, लेकिन इनकी आवाज नहीं सुनी जा रही। मैं इनकी मांगों को सरकार के समक्ष रखूंगा और इनके अधिकारों के लिए पूरी ताकत से लड़ूंगा!

**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**

### अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता



निलंबन का आधार यदि विचारधारा से प्रभावित होगा तो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और परतंत्रता में क्या अंतर रह जाएगा। जो सोचते हैं कि 'निलंबन' से सच की ज़ुबान पर कोई लगाम लगा सकता है तो फिर ये उनकी नकारात्मक सोच का बचपना है।

**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### खान-पान पर दें ध्यान



हमें 'द लैंसेट एंडो' के अध्ययन को गंभीरता से लेना चाहिए और अच्छी खान-पान की आदतों और शारीरिक गतिविधियों की दिशा में काम करना चाहिए, खास तौर पर युवा आबादी के बीच।

**-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी**

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

### एआई डीपफेक लोगों की पहचान के लिए खतरा



आपकी आवाज की कीमत कितनी है? यह लगभग 100 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर जितनी हो सकती है। हाल ही में एबीसी न्यूज वेरिफाई ने संघीय सीनेटर जैकी लैम्बी की आवाज की उनकी अनुमति लेकर क्लोनिंग की और इसपर इतनी ही राशि खर्च की और इसके लिए आसानी से सुलभ एक ऑनलाइन मंच का इस्तेमाल किया। यह उदाहरण यह रेखांकित करता है कि कैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ऐप्स, जो डीपफेक या वॉयस क्लोनिंग के रूप में किसी व्यक्ति की छवि और/या आवाज की कृत्रिम प्रतिकृति बनाते हैं, सस्ते और उपयोग में आसान होते जा रहे हैं। इससे न केवल लोकतंत्र की कार्यप्रणाली (विशेषकर चुनावों के समय) को गंभीर खतरा पैदा होता है, बल्कि व्यक्ति की पहचान को भी खतरा होता है। ऑस्ट्रेलिया में अगर किसी व्यक्ति की छवि या आवाज को उनकी अनुमति के बिना डिजिटल रूप से क्लोन किया जाता है तो उनकी सुरक्षा के लिए कानून अपर्याप्त है। ऐसे में 'व्यक्तित्व अधिकार' स्थापित करने से मदद मिल सकती है। फर्जी की पहचान करना मुश्किल डीपफेक प्रौद्योगिकी ऐसी सामग्री तैयार करने में सक्षम है जो अति वास्तविक प्रतीत होती है।

## ऑफ बीट

### साबुत अनाज व चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड में क्या अंतर



यदि आप ब्रेड खरीदने के लिए दुकानों पर जाते हैं, तो आपको विभिन्न प्रकार के विकल्प मिलेंगे। लेकिन बिक्री पर उपलब्ध सभी प्रकार के उत्पादों के बीच अंतर का पता लगाना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलियाई और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों के अनुसार, साबुत अनाज की ब्रेड मूल अनाज के सभी भागों (एंडोस्पर्म, रोगाणु और चोकर) से बने आटे से बनाई जाती है, जो उनके मूल अनुपात में होता है। चूंकि इसमें अनाज के सभी भाग शामिल होते हैं, इसलिए चोकरयुक्त आटे से बनी ब्रेड आमतौर पर सफेद ब्रेड की तुलना में गहरे रंग की और थोड़ी अधिक भूरी होती है, जो केवल एंडोस्पर्म का इस्तेमाल करके बनाई जाती है। साबुत अनाज की ब्रेड के बारे में क्या विचार है? आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में साबुत अनाज वाली ब्रेड को ऐसी ब्रेड के रूप में परिभाषित किया गया है जिसमें या तो पूर्ण अनाज होता है या फिर ऐसी ब्रेड जिसमें अनाज के सभी भाग अपने मूल अनुपात में मौजूद होते हैं। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के खाद्य मानकों में इन्हें परिभाषित नहीं किया गया है, इसलिए निर्माता कानूनी तौर पर सफेद ब्रेड में थोड़ी मात्रा में साबुत अनाज मिला सकते हैं, ताकि उत्पाद अधिक स्वास्थ्यवर्धक लगे।

# जयपुर में SDPI का जोरदार प्रदर्शन, राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के. फैजी की गिरफ्तारी को बताया गैर कानूनी



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (SDPI) ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष एम.के. फैजी की गिरफ्तारी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। रविवार रात घाटगेट बाजार इलाके में SDPI कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने इकट्ठा होकर ED द्वारा की गई गिरफ्तारी को गैर कानूनी बताते हुए विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन के दौरान SDPI नेताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि फैजी की गिरफ्तारी अलोकतांत्रिक है और तुरंत रिहाई की मांग की। SDPI के प्रदेश अध्यक्ष अशफाक हुसैन, उपाध्यक्ष डॉ. शाहबुद्दीन, स्टेट कमेटी सदस्य खालिद अंसारी, जिला अध्यक्ष जफर अहमद और महासचिव इसहाक शेख सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। SDPI नेताओं ने चेतावनी दी कि जब तक राष्ट्रीय अध्यक्ष को रिहा नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। साथ ही गुंडाराज खत्म कर कानून का राज लागू करने की मांग भी की गई।

# भांकरोटा में दिनदहाड़े हत्या का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी के भांकरोटा थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। डीसीपी वेस्ट अमित कुमार ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मृतक गोवर्धन की बहन मोनिका और जीजा रामलाल के साथ ₹30,000 के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। घटना वाले दिन ₹13,000 देने के बाद बचे ₹17,000 को लेकर झगड़ा बढ़ा और विवाद के दौरान गोवर्धन की हत्या कर दी गई। आरोपियों ने शव को दागा महाराज की ढाणी के पास खेत में फेंक दिया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर सुवालाल, रामलाल, कजोड़ और मोनिका को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

# राजकीय कृषि महाविद्यालय खैरवाड़ा का भवन निर्माण इस वर्ष नवम्बर माह तक पूरा होना संभावित - उच्च शिक्षा मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राजकीय कृषि महाविद्यालय खैरवाड़ा के भवन निर्माण का कार्य 20 नवम्बर 2025 तक पूरा होना संभावित है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भवन निर्माण कार्य नींव भरकर डीपीसी भरने तक पूर्ण हो गया है। इससे पहले प्रश्नकाल में विधायक दयाराम परमार के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि राजकीय कृषि महाविद्यालय खैरवाडा के भवन निर्माण हेतु कार्यकारी एजेंसी राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी। कार्यकारी एजेंसी द्वारा पूर्व में कार्यादेश जारी किया गया किन्तु संवेदक द्वारा कार्य प्रारम्भ नही करने एवं अनुबंध संपादित नही किये जाने के कारण अनुबंधानुसार कार्यादेश को रद्द किया गया। बैरवा ने बताया कि पुन: निविदा आमंत्रित कर वित्तीय बिड खोलने के उपरांत पूर्व संवेदक द्वारा विभागीय कार्यवाही के विरूद्ध प्रकरण माननीय न्यायालय से स्थगन आदेश के कारण निविदा प्रक्रिया पूर्ण नही की जा सकी। उन्होंने कहा कि उक्त प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश को निरस्त करने के उपरांत कार्यकारी एजेंसी द्वारा निविदा कार्यवाही पूर्ण कर भवन निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

# बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात की जनता ने जताया मुख्यमंत्री का आभार



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास प्रदेश की प्रगति और समृद्धि की आधारशिला है। इस बजट में ग्रामीण क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, कृषि, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए अनेक प्रावधान किए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में डबल इंजन की सरकार 8 करोड़ प्रदेशवासियों के विश्वास को कायम रखते हुए काम कर रही है, जिससे उत्कृष्ट और विकसित राजस्थान के सपने को पूरा किया जा सके।शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट सौगातों के लिए जयपुर देहात (दक्षिण) की ओर से आए प्रतिनिधिमण्डल की आभार सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता से किए गए वादों को हमने संकल्प पत्र में शामिल किया था तथा 1 साल में संकल्प पत्र के 55 प्रतिशत वादे पूरे किए जा चुके हैं। किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं के हितों के लिए हमारी सरकार लगातार निर्णय ले रही है।

**इस वर्ष का बजट कृषक कल्याण केन्द्रित**

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट किसानों को आगे रखते हुए बनाया गया है। किसान सम्मान निधि को बढ़ाकर 9 हजार रुपये करना, गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत गोपालकों को ब्याजमुक्त ऋण, 50 हजार नए कृषि बिजली कनेक्श9न और 5 लाख घरेलू कनेक्शरन जैसे बजटीय प्रावधानों से किसान खुश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं के लिए भी सवा लाख पदों पर सरकारी भर्तियां और डेढ़ लाख युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय हुए पेपरलीक प्रकरणों से राज्य का युवा परेशान था। हमने आते ही इन प्रकरणों में लिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की। हमारे सवा साल के कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे अपराध मुक्त राजस्थान की दिशा में उठाए गए कदमों से राज्य में गैंगवार और अपराध भी कम हुआ है।

**पानी और बिजली राज्य सरकार की प्राथमिकता**

शर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश में पानी और बिजली को प्राथमिकता पर रखा। राज्य सरकार प्रदेश में पानी की पर्याप्त उपलब्धता को सुनिश्चित करने की दिशा में पूर्वी राजस्थान के लिए राम जलसेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता, दक्षिणी राजस्थान के लिए देवास परियोजना का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं माही परियोजना को भी सुदृढ़ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार ठोस कार्य योजना पर काम कर रही है। हमारी सरकार वर्ष 2027 तक किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के साथ ही राज्य को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है।

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश छू रहा विकास के नए आयाम**

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर देश की जनता को पूरा भरोसा है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम छू रहा है। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय जल जीवन मिशन के तहत बहुत भ्रष्टाचार हुआ तथा आमजन को पानी नहीं मिल सका। प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन की सीमा 2028 तक बढ़ा दी, जिससे राज्य की जनता को हर घर नल से जल उपलब्ध हो सकेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि जयपुर का विस्ता2र होने के साथ ही इसके आसपास के इलाकों का भी तेजी से विकास किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुख-सुविधाओं के विस्तार के लिए बजट में अनेकों प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने आमजन से अपील की, कि वे नागरिक कर्तव्यों को निभाते हुए अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में मदद करें। कार्यक्रम के दौरान 'एक ही लाल, भजनलाल भजनलाल' और 'दमदार मुख्यमंत्री, दमदार फैसले' जैसे नारों से पूरा पाण्डाल गुंजायमान हो उठा तथा लोगों ने अभूतपूर्व बजटीय घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का तहे दिल से स्वागत किया। इससे पहले उपस्थित आमजन ने मुख्यमंत्री को 100 मीटर लम्बा साफा पहनाया और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान जयपुर देहात (दक्षिण) से स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

# बिजयनगर बालिका ब्लैकमेल कांड पर जयपुर में प्रदर्शन, आरोपियों को फांसी देने की मांग तेज




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अजमेर के बिजयनगर में स्कूली छात्राओं के साथ हुए ब्लैकमेल और दुष्कर्म मामले को लेकर पूरे प्रदेश में आक्रोश फैल गया है। इसी क्रम में राजधानी जयपुर में जोरावर सिंह गेट पर भारत हिन्द दल के नेतृत्व में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपियों के लिए फांसी की सजा की मांग की और मामले की CBI जांच कराने की भी मांग उठाई।

प्रदर्शन में भारत हिन्द दल की प्रमुख कमला जायसवाल ने कहा, "प्रदेश में बेटियों के साथ ऐसी घिनौनी घटनाएं किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सरकार को आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हिम्मत न कर सके।"

13 आरोपी गिरफ्त में, CBI जांच की मांग तेज

बिजयनगर थाना पुलिस ने मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनमें: 3 नाबालिगों को बाल सुधार गृह भेजा गया।

10 अन्य आरोपी, जिनमें पूर्व पार्षद भी शामिल है, जेल भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब तक इस मामले की CBI से निष्पक्ष जांच नहीं होगी और आरोपियों को फांसी नहीं दी जाएगी, तब तक विरोध जारी रहेगा।

देशभर में बढ़ रहा गुस्सा

यह मामला सिर्फ अजमेर तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे राजस्थान में इसे लेकर आंदोलन की लहर है। जयपुर में हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में लोग जमा हुए और सरकार से सख्त कानून बनाने की अपील की।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो यह आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

# रेवदर में भूमि आवंटन के बाद नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी - उद्योग मंत्री



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र में नवीन औद्योगिक क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखकर विभाग द्वारा जिला कलक्टार को औद्योगिक क्षेत्र हेतु भूमि आवंटन के लिए पत्र लिखा गया है। जिला कलक्टर द्वारा भूमि चिह्नित करने के बाद ही औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने हेतु आगे की कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि रेवदर विधानसभा क्षेत्र में पहले से ही 5 औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हैं। उद्योग मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए आगे का विजन रखकर उपयुक्त भूमि चिह्नित करना जरूरी है, ताकि जरूरत पड़ने पर औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जा सके। इससे पहले विधायक मोतीराम के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उद्योग मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र रेवदर में औद्योगिक क्षेत्र स्थारपित करने हेतु भूमि आवंटन हेतु जिला कलक्ट्र को 07 अक्टूबर 2024 को पत्र लिखा गया है। भूमि आवंटन के उपरान्त ही औद्योगिक क्षेत्र स्थापुपित किया जाना संभव है।

# इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि पढ़ाई के लिए कोई शोर्टकट नहीं होता। केवल पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें ही नहीं, विद्यार्थी जीवन व्यवहार और नित नए हो रहे परिवर्तनों से जुड़ी सामग्री का भी अध्ययन करें। इसी से उनकी बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी और वे जीवन में सफल हो सकेंगे। उन्होंने विश्वविद्यालयों में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाए जाने के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा से जुड़ी शिक्षा पर विषेष ध्यान देने का भी आह्वान किया। बागडे ने बुधवार को हरिशचन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान 'रीपा' में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, जयपुर के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत ज्ञान-विज्ञान में आरंभ से ही समृद्ध रहा है। यहां नालंदा जैसा महान विश्वविद्यालय था। यहां सुदूर देशों से विद्यार्थी पढ़ने आते थे। उन्होंने बख्तियार खिलजी द्वारा नालंदा के पुस्तकालय को जलाने की चर्चा करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान को नष्ट करने के निरंतर प्रयास हुए परन्तु वे सफल नहीं हुए। उन्होंने राजस्थान को शूरवीरों की भूमि बताते हुए कहा कि बप्पा रावल ने सौ सालों तक विदेशी आक्रमणकारियों को यहां आने नहीं दिया।राज्यपाल ने कहा कि विश्वभर में ज्ञान परम्परा में भारत श्रेष्ठ रहा है। दशमलव पद्धति पूरे विश्व को भारत ने दी। ऋषि भारद्वाज ने वायुयान पर अपने ग्रंथ में पहले ही अवगत करा दिया था । न्यूटन ने बहुत बाद में गुरूत्वाकर्षण का सिद्धांत दुनिया को बताया। भारत में तो वैदिक ग्रंथों में बहुत पहले ही इसके बारे में बता दिया गया था। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने आने के बाद भारतीय ज्ञान को दबाने का प्रयास किया। इसलिए यह जरूरी है कि देश के विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाते हुए उन्हें भारतीय ज्ञान-विज्ञान से जोड़ा जाए।बागडे ने नकल की प्रवृति को रोके जाने, रोजगार प्राप्त करने की मानसिकता की बजाय रोजगार देने वाले बनाने, मुक्त शिक्षा के अंतर्गत शिक्षा से वंचित लोगो को पढ़ने के लिए प्रेरित करने आदि पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि 2047 देश की आजादी का शताब्दी वर्ष होगा। इसमें भारत सभी क्षेत्रों अग्रणी बनें, इसके लिए सभी मिलकर अपना योगदान दें।राज्यपाल ने आरंभ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को डिग्री और पदक प्रदान किए। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा रोजगार के साथ-साथ शिक्षा प्राप्त करने वाले, श्रमिकों आदि को भी डिग्री प्रदान कर सफल होने का रिकॉर्ड संधारित किए जाने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने इससे पहले इग्नू के रिजनल सेंटर की गतिविधियों की प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। इससे पहले क्षेत्रीय निदेशक डॉ. ममता भाटिया ने इग्नू के पाठ्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। राममूर्ति मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# नया कैडर बनने के बाद सीधी भर्ती से नियुक्त होंगे हॉस्टल वॉर्डन - जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री


जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा छात्रावासों के लिए नया कैडर बनाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 470 वार्डन के पदों को सीधी भर्ती हेतु प्रस्ताव राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भिजवाये जाने की कार्यवाही की जा रही है। खराड़ी ने कहा कि पहले जनजाति क्षेत्रों में बने छात्रावासों में वार्डन के लिए कैडर नहीं होने से शिक्षा विभाग द्वारा प्रतिनियुक्ति पर शिक्षकों को वार्डन के रूप में नियुक्त किया जाता था। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि खेल स्टेडियम बांसवाड़ा में तरणताल का कार्य लगभग 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। निर्माण पूरा होने के पश्चात इसे क्रीडा परिषद को हस्तान्तरित कर दिया जाएगा। तरणताल के निर्माण के लिए 9 सितम्बर 2021 को स्वीकृति हुई तथा निर्माण के लिए 5.76 लाख रुपये स्वीकृत किये गए। इससे पहले विधायक उमेश मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2023-24 में प्रावधित राशि एवं व्यय की गई राशि का विवरण तथा योजनावार जिलेवार विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा कुल 437 आश्रम छात्रावासों में 511 कार्मिक, 23 आवासीय विद्यालयों में 261, 8 बहुउद्देशीय छात्रावासों में 5, 13 खेल छात्रावासों में 33, 11 कॉलेज छात्रावासों में 9 कार्मिक कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि यह समस्त कार्मिक शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति पर हैं। उन्होंने जिलेवार प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत कार्मिकों की संख्या सदन के पटल पर रखी। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्मिकों के अतिरिक्त विभागीय मंत्रालयिक सेवा के 4 कार्मिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा के 191 कार्मिक विभिन्न छात्रावासों/ आवासीय विद्यालयों में कार्यरत हैं। खराड़ी ने कहा कि जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के छात्रावास अधीक्षक (महिला) ग्रेड-II व छात्रावास अधीक्षक (पुरुष) ग्रेड-II के पदों को कार्मिक विभाग की अधिसूचना दिनांक 31 जनवरी 2022 से जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्य एवं अधीनस्थ् सेवा नियम, 2001 में शामिल कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभागीय छात्रावास अधीक्षक कैडर के पदों को कार्मिक विभाग के अधिसूचना दिनांक 16 जनवरी 2025 से राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा (समान पात्रता परीक्षा) नियम, 2022 में शामिल कर दिया गया है।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईफा अवाड्र्स समारोह में शामिल होने के लिए आयोजकों ने दिया निमंत्रण



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को आईफा अवार्ड्स समारोह के आयोजकों ने बुधवार को सचिवालय में मुलाकात कर, समारोह में शामिल के लिए निमंत्रण दिया। आईफा अवार्ड्स आयोजन समिति के सदस्य सब्बास जोसेफ, कविता वकील ने 8 एवं 9 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाले आईफा समारोह में उपमुख्यमंत्री की गरिमामयी उपस्थिति के लिए अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को सम्पूर्ण कार्यक्रम की जानकारी भी दी।

# प्रधानमंत्री इन्टर्नरशिप योजना किए जा सकते हैं आवेदन



अजमेर, (रॉयल पत्रिका)। प्रधानमंत्री इन्टर्नरशिप योजना के अन्तर्गत पॉयलेट प्रोजेक्ट फेज द्वितीय के तहत अजमेर जिले के लिए आवंटित 115 अवसरों के लिए 14 फरवरी से 12 मार्च तक पंजीयन प्रक्रिया जारी है। इसके तहत पंजीयन करने के लिए pminternship.mca.gov.in पोर्टल पर योग्य अभ्यर्थी अपना पंजीयन लॉग इन से करवा सकते है। औधोगिक प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि योग्य बेरोजगार अभ्यर्थी की आयु 21 से 24 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। पंजीयन के लिए योग्यता 10 वीं, 12 वीं, डिप्लोमा, डिग्री अथवा आईटीआई उत्तीर्ण है। पारिवारिक आय 8 लाख से कम हो। साथ ही साथ उनका परिवार का कोई सदस्य राज्य कर्मचारी नहीं हो। वे आवेदन कर इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों को इन्टर्नरशिप के दौरान 12 माह के लिए प्रतिमाह 5 हजार रुपये की वृत्ति्का देय होगी। एक मुश्त 6 हजार रुपये दिए जाने भी प्रस्तावित है। शर्मा ने इच्छुक योग्य बेरोजगार अभ्यर्थियों के इस योजना के तहत लाभ अर्जित करने का आह्वान किया है।

# अब आसानी से हो सकेगा समितियों का गठन— सहकारिता मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि प्रदेश में बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समितियों की स्थापना के मापदण्डों में शिथिलन दिया गया है। उन्होंने बताया कि मापदण्डों में शिथिलता दिए जाने से राज्य में नवीन जीएसएस के गठन में आसानी होगी। दक ने बताया कि राज्य में नवीन बहुउद्देशीय ग्राम सेवा सहकारी समिति की स्थापना के लिए अब न्यूनतम सदस्य संख्या 300 के स्थान पर 150 एवं न्यूनतम हिस्सा राशि 3 लाख रुपये के स्थान पर 1.50 लाख रुपये होगी। उन्होंने बताया कि नये मापदण्डों के अनुसार अब सामान्य क्षेत्रों में सदस्यों से न्यूनतम अमानत राशि 1 लाख रुपये के स्थान पर 75 हजार रुपये तथा अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में अमानत राशि 75 हजार रुपये के स्थान पर 50 हजार रुपये होगी। समिति गठन की शेष शर्तें पूर्ववत रहेंगी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि किसानों को संबल प्रदान करने में ग्राम सेवा सहकारी समितियों की भूमिका के दृष्टिगत राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में आगामी 2 वर्षों में शेष रहे 2,500 से अधिक ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर ग्राम सेवा सहकारी समितियों के गठन की घोषणा की है। साथ ही, इनके गठन के मापदण्डों में आवश्यकता अनुसार शिथिलन दिए जाने की भी घोषणा की गई है। बजट घोषणा की अनुपालना में सहकारिता विभाग द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए नये मापदण्ड निर्धारित किये गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में ग्राम सेवा सहकारी समितियों का गठन होने से राज्य में सहकारिता का नेटवर्क अधिक मजबूत होगा।

# राज्य सरकार रावी-व्यास नदियों से राज्य के हिस्से का पूरा पानी प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयासरत - जल संसाधन मंत्री

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा रावी-व्यास नदियों के अधिशेष जल में से राज्य के हिस्से का शेष 0.60 एम.ए.एफ. पानी प्राप्त करने हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में इस संबंध में दायर मुकदमे की प्रभावी पैरवी के लिए वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रमजीत बनर्जी, अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऑफ इण्डिया को नियुक्त किया गया है। जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि रावी-व्यास नदियों के अधिशेष पानी के बंटवारे के बारे में पंजाब, हरियाणा एवं राजस्थान के मध्य 31 दिसम्बर 1981 को समझौता हुआ था। समझौते के तहत राजस्थान को 8.60 एम.ए.एफ. पानी निर्धारित किया गया। वर्तमान में इसमें से 8.00 एम.ए.एफ. पानी राज्य को मिल रहा है । रावत ने आश्वस्त किया कि राज्य के हिस्से का पूरा जल लेने के संबंध में राज्य का पक्ष रखने के लिए भाखडा ब्यास प्रबंधन मण्डल में एक प्रतिनिधि नियुक्त करने के प्रयास किये जाएंगे। साथ ही एसीएस स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर भी विचार किया जाएगा। इससे पहले विधायक कालीचरण सराफ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जल संसाधन मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा राज्य के हिस्से का शेष 0.60 एम.ए.एफ. पानी राजस्थान को देने के लिए भारत सरकार, पंजाब सरकार तथा भाखडा ब्यास प्रबंधन मण्डल से लगातार अनुरोध किया गया तथा उत्तर क्षेत्रीय परिषद की बैठकों में भी लगातार यह मुद्दा उठाया गया। राजस्थान द्वारा 0.60 एम.ए.एफ. रावी-व्यास पानी बहाली के लिये माननीय सर्वोच्च न्यायालय में एक मूल सूट नं. 6/2020 दायर किया, जो कि 26 जुलाई 2024 को माननीय सर्वोच्च न्यायालय में सूचीबद्ध हुआ था। उन्होंने गत सरकार द्वारा किये गये प्रयासों का विवरण सदन के पटल पर रखा। रावत ने कहा कि सरकार प्रदेश के हिस्से का शेष 0.60 एम.ए.एफ. पानी प्राप्त करने हेतु लगातार प्रयासरत है। मुख्य सचिव, राजस्थान द्वारा उत्तर क्षेत्रीय परिषद की स्टेनण्डिंग कमेटी की 25 अक्टूबर 2024 को आहूत 21वीं बैठक में भी यह मुद्दा उठाया गया तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव, जल संसाधन, राजस्थान द्वारा दिनांक 27 फऱवरी 2025 को इस बाबत सचिव जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार को पत्र भी लिखा गया है।

# आई एफ डब्ल्यू जे संगठन की सुमेरपुर (पाली) विधानसभा इकाई ने प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को सौंपा संगठन का मांग पत्र

## -नवमनोनित अध्यक्ष नटवर मेवाड़ा को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने माल्यार्पण , साफा पहनाकर दी अपनी बधाई

साण्डेराव,पाली (रॉयल पत्रिका)। मारवाड़-गोडवाड़ क्षेत्र के वरिष्ठ पत्रकार एवं राजस्थान प्रदेश के सबसे विस्तृत इकाइयों वाले पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे की सुमेरपुर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष नटवर मेवाड़ा द्वारा राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को संगठन का 13 सुत्रीय मांग पत्र सौंपकर पत्रकार सुरक्षा कानून सहित अन्य मांगों को शीघ्र क्रियान्वित करवाने का अनुरोध किया। प्रदेशाध्यक्ष ने नटवर मेवाड़ा को देश के प्रतिष्ठित पत्रकार संगठन की सुमेरपुर विधानसभा इकाई का अध्यक्ष मनोनीत होने पर अपनी ओर से हार्दिक बधाई देते हुए उनका माल्यार्पण व साफे द्वारा बहुमान भी किया । उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बताया कि मेवाड़ा वर्ष 1988 से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट सेवाएं प्रदान करते आ रहे हैं , साथ



ही वह सामाजिक सरोकारों में भी अपनी महती भूमिका निभाते रहें हैं। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ एवं मेवाड़ा की मित्रता कृष्ण सुदामा की तरह रही है। इस अवसर पर सुमेरपुर इकाई से जुड़े बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार बंसत गांव के कल्लाजी राठौड़ धाम गादीपति जब्बरसिंह राजपुरोहित, भरतसिंह, पुर्व सरपंच कैलाश सुथार ,अरविंद कुमार जोशी, पुखराज कुमावत,अरूण बैरवा, देवाराम मीणा,महावीर मेवाड़ा, खीमाराम मेवाड़ा, हिम्मत रांगी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# प्राधिकरण सचिव भाटी ने जिला कारागृह का लिया जायजा

पाली, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार विक्रम सिंह भाटी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला न्यायाधीश), पाली द्वारा आज बुधवार को जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 87 बन्दी जिला कारागृह पाली में निरूद्ध मिले।

निरीक्षण के दौरान सचिव भाटी द्वारा बन्दीगण से वार्तालाप कर कारागृह में भोजन, चिकित्सीय सुविधा, पेयजल, सफाई व्यवस्था इत्यादि के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अतिरिक्त कोई भी बन्दी निजी अधिवक्ता करने में असमर्थ हो अथवा विधिक सहायता के अभाव में बिना अधिवक्ता के कारागृह में निरूद्ध ना रहे, इसके लिए प्राधिकरण सचिव भाटी द्वारा कारागृह में बन्दीगण को निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी देते



हुए ऐसे बन्दी जिनकी जमानत होने के उपरांत भी कारागृह में निरूद्ध हो इस संबंध में भी जानकारी ली गई। सचिव भाटी द्वारा प्रत्येक बैरक में जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह पाली ने जाहिर किया कि कारागृह में संचालित जेल डिस्पेंसरी पर वर्तमान में चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण बंदीगण को समुचित चिकित्सा परिलाभ नहीं मिल पा रहा है तथा बंदीगण को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाना पड़ता है। सचिव भाटी द्वारा जिला कारागृह में संचालित विधिक सेवा केन्द्र की विजिट कर विधिक सेवा केन्द्र के रजिस्टरों का भी अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान जोराराम कारापाल जिला कारागृह, सुश्री वैशाली व्यास जेल विजिटिंग लॉयर, अल्ताफ हुसैन जेल विजिटिंग लॉयर आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने ली बैठक, 8 मार्च को होगा लोक अदालत का आयोजन

हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 8 मार्च 2025 को वर्ष 2025 की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके सफल क्रियान्वयन एवं प्रभावी संचालन के लिए जिला एवं सेशन न्यायाधीश (अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण) तनवीर चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में हनुमानगढ़ मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारियों के साथ व्यक्तिगत रूप से तथा तालुका स्तर पर स्थित न्यायिक अधिकारियों के साथ ऑनलाइन माध्यम से चर्चा की गई।

बैठक में जिला एवं सेशन न्यायाधीश तनवीर चौधरी ने आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों की जानकारी दी और सभी अधिकारियों को इस लोक अदालत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने निर्देश दिया कि बैंक, बीमा, बिजली, पानी,




टेलीफोन आदि के प्री-लिटीगेशन प्रकरणों के साथ-साथ न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित किया जाए।

इसके तहत पक्षकारों के मध्य पूर्व-परामर्श (प्री-काउंसलिंग) कर मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में भेजकर शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हनुमानगढ़ शिवचरण मीना ने लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि न्यायालय क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को इस पहल की जानकारी दी जाए, ताकि वे अपने विवादों को शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझा सकें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आगामी लोक अदालत को प्रभावी और सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार आज दिनांक 05.03.2025 को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा जिला कारागृह सवाई माधोपुर का साप्ताहिक निरीक्षण कर मौके पर उपस्थित जेलर महावीर प्रसाद मीना से बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल, चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई, निरीक्षण के दौरान बंदियों को प्रदान मूलभूत सुविधाएं एवं कारागृह परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपस्थित बंदीजन से परिजनों से मिलने के समय, जेल प्रशासन की व्यवस्थाओं, कानूनी प्रतिनिधित्व हेतु अधिवक्ता की उपलब्धता, उनके संबंधित मुकदमों की ताजा अपडेट आदि के बारे में पूछताछ की गई, साथ ही उनकी समस्याओं को सुना गया। निरीक्षण के दौरान




कारागृह में 64 विचाराधीन एवं 2 सजायाफ्ता बंदी सहित कुल 66 बंदी उपस्थित पाये गए। दौराने निरीक्षण सचिव समीक्षा गौतम द्वारा प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट कर जेल विजिटिंग लॉयर एवं जेल विजिटिंग अधिकार मित्र द्वारा जेल में निरूद्ध बंदियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में पूछताछ की गई एवं उपस्थित बंदीजन को बंदियो एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना, नालसा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100, नालसा पोर्टल आदि के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल (न्याय रक्षक) वीरेंद्र कुमार वर्मा, असिस्टेंट लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल आयुष ताजी, अधिकार मित्र सुनिता जोनवाल एवं जेल स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

# आमजन तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाकर करे लाभान्वित: सीईओ बुड़ानिया

सवाई माधोपुर, (रॉयल पत्रिका)। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने बुधवार को पंचायत समिति गंगापुर सिटी एवं बामनवास के विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारियों, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के ब्लॉक समन्वयक, कनिष्ठ तकनीकी सहायकों, प्रधानमंत्री आवास एवं स्वच्छता प्रभारियों से विकास कार्यों की समीक्षा की।

सीईओ बुड़ानिया ने ग्राम पंचायतों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए अधिकारी कार्मिकों को निर्देश दिए ग्राम पंचायतो में चल रहे विकास कार्यों की समय समय पर मॉनिटरिंग कर कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के ग्राम विकास अधिकारियों को आवास योजना में प्रगति लाने सहित स्वामित्व योजना, के मैप



समय पर भेजने ग्राम विकास अधिकारियों के कार्यों की विकास अधिकारियों को समीक्षा एवं निरीक्षण कर जिला स्तर पर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लैगशिप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के लिए कार्य कर उन्हें लाभान्वित करे। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने सीईओ को विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया।

बैठक में गंगापुर सिटी विकास अधिकारी जगदीश गुर्जर बामनवास विकास अधिकारी ब्रज लाल मीना अधिशासी अभियंता अशोक मीना परियोजना अधिकारी लेखा रमेश चंद मथुरिया वरिष्ठ लेखाधिकारी ओमप्रकाश मीना समन्वयक स्वच्छता बलवंत सिंह, सत्यप्रकाश सैन लक्ष्मीकांत भारद्वाज सहित अधिकारी कार्मिक उपस्थित थे।

# शेखावाटी उत्सव 2025: 22 व 23 मार्च को होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

## 23 मार्च को प्लेबैक सिंगर रविन्द्र उपाध्याय होंगे मुख्य आकर्षण

सीकर, (रॉयल पत्रिका)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सीकर में अरबन हाट में 22 एवं 23 मार्च को आयोजित होने वाले शेखावाटी उत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में पुलिस, नगर परिषद, नगर विकास न्यास, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पशुपालन, स्काउट गाइड, जिला उद्योग केन्द्र, राजीविका,वन, राजकीय संग्राहालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयुर्वेद, विद्त, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग चर्चा की जाकर संबंधित विभागों को दायित्व सौंपे गए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने नगर परिषद को कार्यक्रम आयोजन स्थल पर साफ—सफाई, पेयजल की व्यवस्थाएं करने, आतिशबाजी की व्यवस्था, शहर की प्रमुख इमारतों पर रोशनी की व्यवस्था, हैरिटेज वॉक,शोभायात्रा रूट की मरम्मत करवाने, प्रचार—प्रसार के होर्डिंग लगाने के लिए साईट उपलब्ध करवाने, नगर विकास न्यास को लाईट, साउण्ड की व्यवस्था करने, शिक्षा विभाग को विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागीयों का रजिस्ट्रेशन करने तथा परिणाम जारी करने के लिए शिक्षकों की नियुक्ति करने,पशुपालन विभाग को पशु वैन की व्यवस्था करने, उद्योग विभाग, राजीविका को अरबन हाट में हस्तशिल्प,स्वयं सहायता समूहों की स्टॉल लगाने,पर्यटन विभाग को कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने, पुलिस विभाग को पार्किंग, यातायात तथा कानून



व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया।

**22 व 23 मार्च को होंगे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम :**

बैठक में सहायक निदेशक पर्यटन अनु शर्मा ने बताया कि 22 मार्च को प्रात: 8 बजे शोभा यात्रा दीवानजी की नसियां,जाट बाजार,कल्याण सर्किल,राणी महल, बजाज सर्किल, देवीपुरा बालाजी,कृषि मंडी होते हुए अरबन हाट पर समापन होगा। प्रात: 10 बजे अरबन हाट में पहल सेवा संस्थान द्वारा फोटो प्रदर्शनी, प्रात: 10.15 बजे अरबन हाट में जिला उद्योग केन्द्र राजीविका द्वारा हाट बाजार, प्रात: 11 बजे अरबन हाट में पारम्परिक खेलकूद, ऊँट, घोड़ा नृत्य, साफा बांध, तीन टाँग दौड़, दादा—पोता दौड़, रस्साकसी, मटका दौड़ तथा पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित होगा। सायं 6 बजे आईटीआई ग्राउड सीकर में सांस्कृतिक संध्या लोक कलाकारों द्वारा चरी भवई, कालेबेलिया, गैर, मयूर नृत्य, चंग—ढफ नृत्य के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 23 मार्च रविवार को प्रात:7 बजे स्मृति वन में योग आयुर्वेद एवं वन विभग द्वारा, प्रात: 10 बजे अरबन हाट में फोटो प्रदर्शनी पहल सेवा संस्थान सीकर, प्रात:10.15 बजे अरबन हाट में हाट बाजार जिला उद्योग केन्द्र, राजीविका द्वारा, प्रात: 10 बजे अरबन हाट में मेहन्दी, रंगोली, चित्रकला, वॉलीबाल मैच आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। सायं 6 बजे आईटी आई ग्राउंड सीकर में सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों द्वारा चरी भवई, कालबेलिया, गैर नृत्य, मयूर नृत्य, चंग ढफ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रसिद्ध गायक सिंगर रविन्द्र उपाध्याय मुख्य आकर्षण होंगे तथा रात्रि 10 बजे आईटीआई ग्राउण्ड सीकर में समापन समारोह आतिशबाजी के साथ होगा। बैठक में सीईओ जिला परिषद राजपाल यादव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा, एसीएम कल्पना, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, एडीपीआर पूरणमल, एसईएवीएनएल अरूण जोशी, जिला उद्योग महापबंधक विकास सिहाग, सहायक पर्यटन अधिकारी आनंद भारद्वाज, खेल अधिकारी प्रकाश गोदारा सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# भारतीय भाषा महोत्सव में 'भाषाओं के माध्यम से एकता' थीम पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

## -छात्राओं के लिए विक्ज प्रतियोगिता और भारतीय भाषाओं की जानकारी दी गई

लाडनूं (रॉयल पत्रिका)। जैन विश्वभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर द्विदिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में पहले दिन, विद्यार्थियों के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न पूछे गए तथा दूसरे दिन, भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं के बारे में जानकारी दी गयी। विभागाध्यक्ष प्रो. बी.एल. जैन ने छात्राओं को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस नीति में विद्यार्थियों को अवगत करवाने के लिए सारथी बनाए गए हैं, जो शिक्षा क्षेत्र के सभी छात्रों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके आने वाले भविष्य में होने वाले शिक्षा संबंधी नए उपक्रमों के बारे में अवगत करवाना है।



**क्विज प्रतियोगिता में लिया छात्राओं ने भाग:-**

प्रथम दिन के कार्यक्रम में, एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रा खुशी जोधा ने विद्यार्थियों को 15 प्रश्न दिए। इन प्रश्नों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से संबंधित सभी नई जानकारियां शामिल थीं। पहले दिन क्विज में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसका साथ ही दूसरे दिन भारतीय भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल की गई भारतीय भाषाओं के संवर्धन और संरक्षण का महत्व विद्यार्थियों को बताना था। विभागाध्यक्ष प्रो. जैन ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि वे अपनी भाषा के महत्व को समझें और इन भाषा को अपनाने और अपनी क्षेत्रीय भाषाओं को बोलने पर जोर दें। भारतीय भाषाओं की समृद्धता को समझने और एक भाषाई रूप से जागरूक और सांस्कृतिक रूप से समावेशी पीढ़ी के निर्माण में योगदान देने का अवसर मिलता है।

**भाषायी धरोहर के संरक्षण की आवश्यकता:-**

मुख्य वक्ता डा. अमिता जैन ने भाषा के संवर्धन और संरक्षण के लिए किए जा रहे सभी प्रयासों के बारे में बताया और बताया कि भारतीय भाषा महोत्सव का उद्देश्य शिक्षा नीति में भाषा का महत्व समझना और समझाना है। इस वर्ष के भारतीय भाषा उत्सव का थीम है, 'भाषाओं के माध्यम से एकता'। जो यह दर्शाता है कि भारत की विविध भाषाई परंपराएं राष्ट्रीय एकता को कैसे प्रोत्साहित करती हैं और एक सामंजस्यपूर्ण समाज का निर्माण करती हैं।

एनईपी सारथी खुशी जोधा ने भी छात्राओं को इस कार्यक्रम का महत्व बताया। इस भाषाई और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने और बढ़ावा देने के लिए भारतीय भाषाओं को शिक्षा के सभी स्तरों में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम के संयोजक खुशाल जांगिड़ ने भी शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए आयामों और उसके भाषाई महत्व को समझाया और इसका लक्ष्य उजागर किया। कार्यक्रम में विभाग के सभी शिक्षक गण और सभी छात्राएँ उपस्थित रहे।

# गर्मी के मौसम को देखते हुए अभी से करें पर्याप्त व्यवस्थाएं-जिला कलक्टर




कोटा, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम, गर्मी से बचाव के लिए राहगीरों एवं नरेगा मजदूरों के लिए छाया, पानी की व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को रैन बसेरों के लिए जगह चिन्हित करने तथा जिला परिषद के अधिकारियों को मनरेगा में काम करने वाले मजदूरों के लिए भीषण गर्मी से बचाव के उपायों के लिए अभी से तैयारियां करने को कहा। उन्होंने निर्माण श्रमिकों एवं खनन श्रमिकों के लिए भी पानी, नींबू पानी, छाछ इत्यादि की व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया।

**डेंगू की रोकथाम के लिए चलाएं एंटी लार्वा एक्टिविटी**

डॉ. गोस्वामी ने निर्देश दिए कि चिकित्सालयों में आने वाले मरीजों के परिजनों के लिए टेंट लगाकर छाया एवं पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। उन्होंने सभी वार्डों में भीषण गर्मी के समय कूलर की व्यवस्था, सीएचसी, पीएचसी में ओआरएस, ग्लूकोज पाउडर, नींबू पानी, छाछ इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था के लिए अभी से प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां चलाने, हॉस्टलों का सर्वे कर वहां कूलर, टायर आदि में भरा पानी खाली कराने के साथ ही मच्छरों को पनपने से रोकने के संबंध में जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सभी सरकारी कार्यालयों में पीने का स्वच्छ पानी, छाया आदि की पर्याप्त व्यवस्था रखने को कहा। साथ ही, उन्होंने सफाई अभियान चलाकर पुराना कबाड़ हटाने एवं कार्यालयों का रंग-रोगन करने के निर्देश दिए।

**31 जुलाई तक पूरा हो पौधारोपण का कार्य**

डॉ. गोस्वामी ने हरियालो राजस्थान के तहत 31 जुलाई तक पौधारोपण का कार्य पूरा करने एवं लगाए गए पौधों की बाड़बंदी व निगरानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के लिए स्थानों का चिन्हिकरण मार्च में पूरा करने तथा 1 अप्रेल से गड्ढों की खुदाई शुरू करने तथा लगाए गए पौधों की जियो टैगिंग करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागों को वित्तीय वर्ष 2025-26 की बजट घोषणाओं के प्रस्ताव तैयार करने के साथ ही उनके लिए स्वीकृतियों के संबंध में अभी से गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

## -हनुमानगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के 85 फीसदी घरों में जल जीवन मिशन अंतर्गत नल से सप्लाई हो रहा पेयजल



हनुमानगढ़, (रॉयल पत्रिका)। जिला कलेक्टर काना राम की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्कूलों, आंगनवाड़ियों और स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल कनेक्शन कार्य 31 मार्च तक पूर्ण किए जाए। साथ ही, पेयजल पाइपलाइन बिछाने के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्रों में टूटी सड़कों की मरम्मत भी 31 मार्च तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, बकाया 'हर घर जल' प्रमाणपत्र जल्द से जल्द प्राप्त करने पर बल दिया गया। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बंद पड़ी और प्रगतिरत जल योजनाओं को शीघ्र पुनः प्रारंभ कर समय पर पूर्ण किया जाए। साथ ही, किसी भी स्तर पर कार्य में लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत कुल 429 जल योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिनमें से 428 योजनाओं के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं। अब तक जिले के 249,263 घरों में नल से जल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे हनुमानगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के 85 फीसदी घरों में पेयजल उपलब्ध हो चुका है। राज्य में जिला चौथे स्थान पर है। शेष घरों में भी जल्द से जल्द पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य प्रगति पर है। बैठक के अंत में जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को जल जीवन मिशन के लक्ष्यों को शीघ्रता से पूरा करने और जिले के प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता विजय कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता मनिन्द्र गोदारा, हनुमानगढ़ खंड के अधिशासी अभियंता हेमन्त सोनी, भादरा खंड के अधिशासी अभियंता प्रकाश चौधरी, सहायक अभियंता अरूणदीप सिंह, उपदेश अग्रवाल सहित अन्य सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

# बाल विवाह नहीं करने के लिए कोर्ट ने जारी किया स्टे-ऑर्डर

बून्दी, (रॉयल पत्रिका)। चाइल्ड हेल्पलाइन, बाल अधिकारिता विभाग के आवेदन पर न्यायिक मजिस्ट्रेट हिंडोली द्वारा मार्च को होने वाले बाल विवाह पर रोक लगाते हुए स्टे-ऑर्डर जारी किया गया है।

बाल अधिकारिता एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक हुकमचन्द जाजोरिया ने बताया कि एक नाबालिग जोड़ा जो कि हिण्डोली क्षेत्र का है उनके माता-पिता द्वारा अपने नाबालिग पुत्र एवं पुत्री का विवाह प्रस्तावित था। उक्त बाल विवाह पर रोक लगाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा स्टे-ऑर्डर जारी किया गया है।

# हायर ने भारत में लॉन्च किए कलरफुल किनोची एयर कंडीशनर

## कूलिंग टेक्नोलॉजी और शानदार डिज़ाइन का अनोखा मेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लगातार 16 वर्षों से दुनिया की नंबर 1 होम अप्लायंसेस ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने भारत में अपने नए किनोची एयर कंडीशनर की कलरफुल रेंज लॉन्च की है, जिसने कूलिंग टेक्नोलॉजी में नया बेंचमार्क स्थापित किया है। यह एसी सिर्फ ठंडक ही नहीं देता, बल्कि मॉडर्न घरों की खूबसूरती को भी बढ़ाता है क्योंकि यह बेहतरीन डिजाइन और उन्नत परफॉर्मेंस का अनोखा मेल है। किनोची लिमिटेड एडिशन एसी कटिंग-ऐज टेक्नोलॉजी और प्रीमियम कलरफुल फिनिश के साथ आते हैं, जिससे यह सिर्फ कूलिंग ही नहीं बल्कि घर की सुंदरता भी बढ़ाते हैं। आज भारतीय ग्राहक डिजाइन को लेकर अधिक जागरूक हो रहे हैं और ऐसे प्रोडक्ट्स की तलाश कर रहे हैं जो उनके लाइफस्टाइल से मेल खाते हों। इसे ध्यान में रखते हुए, हायर इंडिया ने इस खास रेंज को पेश किया है, जो फंक्शनलिटी और स्टाइल का बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है। किनोची सीरीज तीन शानदार कलर्स- ब्लैक, मॉर्निंग मिस्ट और मूनस्टोन ग्रे में उपलब्ध है, जो किसी भी इंटीरियर के साथ आसानी से मेल खाती है। ये एसी केवल हाई-परफॉर्मेंस कूलिंग का समाधान ही नहीं, बल्कि आधुनिक जीवनशैली को दर्शाने वाले स्टेटमेंट पीस भी हैं। इस लॉन्च के साथ, हायर इंडिया अपने ग्राहक-प्रेरित नवाचार की प्रतिबद्धता को दोहराता है, यह सुनिश्चित करते हुए कि उपभोक्ताओं को अब दक्षता और आकर्षक डिजाइन में से किसी एक को चुनने की जरूरत नहीं है—वे दोनों का आनंद ले सकते हैं, जो उनके स्टाइलिश घरों को बेहतरीन बनाएगा। किनोची एयर कंडीशनर सीरीज के लॉन्च के बारे में हायर अप्लायंसेज इंडिया के प्रेसिडेंट, श्री एन. एस. सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, हम हमेशा ग्राहकों की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देते हैं। भारत में कलर लिमिटेड-एडिशन एसी पेश करने वाला एकमात्र ब्रांड होने के नाते, हम प्रीमियम एस्थेटिक्स और एडवांस कूलिंग सॉल्यूशंस में नए मानक

# हर गांव रोशन सीएसआर परियोजना के तहत सिग्निफाई ने छतरपुर में 55 गांवों को सोलर और एलईडी लाईट्स रोशनी से रोशन किया

**छतरपुर एजेंसी।** लाईटिंग के क्षेत्र में विश्व की प्रमुख कंपनी, सिग्निफाई ने अपने सब्राईटरलाईव्सबैटरवर्ल्ड विज़न के अंतर्गत छतरपुर जिला, मध्य प्रदेश के 55 गाँवों को रोशन किया है। रोशनी की यह व्यवस्था कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोग्राम, 'हर गाँव रोशन' के अंतर्गत की गई है। इस पहल का लाभ 70,000 लोगों को मिलेगा। इन सस्टेनेबल लाईटिंग समाधानों से महिला सुरक्षा, पर्यटन, सुरक्षा, और सामाजिक-आर्थिक विकास में वृद्धि होगी।




यह प्रोजेक्ट एनजीओ, हरीतिका के सहयोग से चलाया जा रहा है। इसके तहत इन आदिवासी गाँवों में 2000 एनर्जी एफिशियंट एलईडी स्ट्रीट लाईट्स, 700 सोलर होम लाईटिंग सिस्टम और 100 सोलर स्ट्रीट लाईट्स लगाई जाएंगी, ताकि यहाँ के लोगों एवं पर्यटकों की सुरक्षा बढ़ाई जा सके।

निखिल गुप्ता, हेड ऑफ मार्केटिंग, स्ट्रेट्जी, सरकारी मामले एवं सीएसआर, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, ''सिग्नफाई में हम लोगों के जीवन में सुधार लाने के लिए लाईट की परिवर्तनकारी शक्ति में यकीन रखते हैं। इन गाँवों में सस्टेनेबल लाईटिंग समाधान स्थापित करके हमारा उद्देश्य हर किसी के लिए एक ज्यादा सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है। यह अभियान सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ लाईटिंग टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमें इन आदिवासी समुदायों का जीवन रोशन करने में अपना योगदान देने पर गर्व है।''

# गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स और कमल ऑटो फाइनेंस ने की साझेदारी

## अब इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना हुआ और आसान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग के एक प्रमुख नाम गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के साथ एक अहम साझेदारी की है। इस करार पर 25 फरवरी 2025 को हस्ताक्षर किए गए, जिसका उद्देश्य पहले चरण में राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना है। आने वाले समय में इस पहल को और भी राज्यों तक फैलाने की योजना है। इस साझेदारी के तहत, कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के लो-स्पीड और हाई-स्पीड इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर (रु8 और रु5 कैटेगरी) के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसका मकसद इलेक्ट्रिक वाहनों को खरीदने को और आसान और किफायती बनाना है, जिससे देश में सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन को बढ़ावा मिल सके। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के निदेशक और सीईओ, श्री हैदर खान ने इस साझेदारी को लेकर कहा, हम कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। यह कंपनी ऑटोमोबाइल फाइनेंसिंग में अग्रणी है और यह सहयोग हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे हमारी उपस्थिति ईवी बाजार में और मजबूत होगी, साथ ही यह नवाचार और पर्यावरण के अनुकूल मोबिलिटी सॉल्यूशंस देने की हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। इस साझेदारी के जरिये, हमारा लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है, जिससे हमारे शहर स्वच्छ और हरित भविष्य की ओर बढ़ सकें। कमल ऑटो फाइनेंस लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक, श्री श्रेयांश ने भी इस करार को लेकर उत्साह जताते हुए कहा, गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स भारत के तेजी से बढ़ते ईवी बाजार में एक प्रमुख नाम है और इस अहम पहल में उनके साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारी विशेष रूप से डिज़ाइन की गई फाइनेंसिंग स्कीम्स गोदावरी की बेहतरीन ईवी टेक्नोलॉजी को और अधिक ग्राहकों तक पहुंचाने में मदद करेंगी, जिससे लोग आसानी से सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट को अपना सकेंगे।

# प्रावेग लि. ने इंडियन होटल्स कंपनी लि. के साथ होटल प्रबंधन सौदे की घोषणा की

**अहमदाबाद, एजेंसी।** प्रावेग लिमिटेड, एक प्रमुख हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज़ प्रोवाइडर, भारतीय होटल्स कंपनी लिमिटेड के साथ एक स्ट्रैटेजिक साझेदारी की घोषणा करने के लिए उत्साहित है, जो भारत के प्रमुख होटल चेन में से एक है। इस समझौते के तहत, आइएचसीएल, प्रावेग लिमिटेड की प्राचीन संपत्ति, प्रावेग एटोल्स, जो लक्षद्वीप के अद्भुत बंगारम द्वीप पर स्थित है, का प्रबंधन करेगा। इस रिसॉर्ट को प्रतिष्ठित सेलेक्शन ब्रांड के तहत वर्गीकृत किया जाएगा, जो इसके लक्ज़री ऑफ़रिंग्स को और भी ऊँचा करेगा। यह सहयोग प्रावेग लिमिटेड की एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भारत के सबसे अद्वितीय और मांग वाले स्थलों में से एक में विश्व-स्तरीय हॉस्पिटैलिटी अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। लक्ज़री हॉस्पिटैलिटी में आइएचसीएल की स्थापित प्रतिष्ठा के साथ, यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि बंगारम द्वीप का रिसॉर्ट संपत्ति मेहमानों को एक अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करे, जबकि सेवा और स्थिरता के उच्चतम मानकों को बनाए रखे। प्रावेग लिमिटेड के चेयरमैन डॉ. विष्णुकुमार पटेल ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, हम भारतीय होटल्स कंपनी लिमिटेड, जो हॉस्पिटैलिटी उद्योग में एक प्रमुख नेतृत्वकर्ता है, के साथ अपनी अद्वितीय संपत्ति, बंगारम द्वीप, का प्रबंधन करने के लिए साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। आइएचसीएल का लक्ज़री रिसॉर्ट्स के प्रबंधन में अनुभव और स्थिरता के प्रति इसकी प्रतिबद्धता हमारे इस द्वीप स्वर्ग के लिए हमारे दृष्टिकोण से पूरी तरह मेल खाती है। यह साझेदारी सुनिश्चित करेगी कि मेहमानों को हॉस्पिटैलिटी का सर्वोत्तम अनुभव मिले, जबकि द्वीप की प्राकृतिक सुंदरता को भविष्य पीढ़ियों के लिए संरक्षित रखा जाए। यह सहयोग प्रावेग लिमिटेड की हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में गुणवत्ता और नवाचार के प्रति प्रतिष्ठा का प्रमाण है।

## कश्मीर से कन्याकुमारी तक 3,823 किलोमीटर की सबसे तेज़ ईवी ड्राइव का रिकॉर्ड बनाया

# यात्रा के दौरान 20 रिकॉर्ड बनाए



**कन्याकुमारी, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी 4-व्हीलर ईवी निर्माता और भारत के ईवी विकास की अग्रणी कंपनी टाटा ईवी ने आज कश्मीर से कन्याकुमारी तक की सबसे तेज ईवी ड्राइव का कीर्तिमान बनाया है। यह दूरी केवल 76 घंटे और 35 मिनट में तय की गई। इसका नेतृत्व भारत की अपनी एसयूवी कूप, क्रव डाट ईवी ने किया। इससे पहले लंबी दूरी की सबसे तेज ड्राइव का कीर्तिमान टाटा की ही नेक्सन ईवी मैक्स के नाम था और यह नया कीर्तिमान पुराने रिकॉर्ड से करीब 19 घंटे कम है। भारत की लंबाई में सबसे तेज 3,800 किलोमीटर की दूरी तय करने के अलावा क्रव डाट ईवी ने सफलतापूर्वक 20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए हैं।

इस उल्लेखनीय यात्रा को पूरा करते हुए क्रव डाट ईवी को केवल 16 चार्जिंग स्टॉप लगे, जिससे चार्ज होने का औसत समय 28 घंटे से घटकर 17 घंटे हो गया। यह न केवल बैटरी तकनीक में प्रगति को दिखाता है, बल्कि भारत के व्यापक पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क को भी प्रदर्शित करता है। इनमें से अधिकांश अब राजमार्गों पर तेज चार्जिंग गति का समर्थन कर रहे हैं।जम्मू और कश्मीर के माननीय मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला के श्रीनगर में औपचारिक हरी झंडी दिखाने के बाद क्रव डाट ईवी ने 25 फरवरी, 2025 को सुबह 4 बजे अपनी यात्रा शुरू की। टाटा ईवी का यह प्रमुख वाहन अलग-अलग मौसम की स्थितियों का सामना करते हुए कई इलाकों और भारत के पब्लिक चार्जिंग नेटवर्क से गुजरते हुए 28 फरवरी, 2025 को सुबह 8-35 बजे कन्याकुमारी पहुंचा, जहां इसका स्वागत कन्याकुमारी के सांसद थिरु विजय वसंत ने किया। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के चीफ कमर्शियल ऑफिसर विवेक श्रीवत्स ने कहा, हमने यह रोमांचक नॉन-स्टॉप यात्रा यह दिखाने के लिए शुरू की है कि ईवी के साथ लंबी इंटरसिटी ड्राइव कितनी सहज, कुशल और आरामदायक हो सकती है। हर दिन लगभग 1,200 किमी कवर करने की योजना के साथ इनोवेटिव एक्टी डाट ईवी प्योर ईवी आर्किटेक्चर और 55 किलोवॉट प्रति घंटे बैटरी द्वारा समर्थित क्रव डाट ईवी ने इस बड़ी चुनौती के बावजूद यात्रा को सहज और थकान मुक्त बनाया।

पब्लिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के 18,000 से अधिक चार्जिंग पॉइंट तक बढ़ने के साथ क्रव डाट ईवी द्वारा पारित 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रत्येक जिले को फास्ट-चार्जर्स के साथ विद्युतीकृत किया गया था। इसके अलावा, क्रव डाट ईवी को तेजी से बढ़ते हाई-स्पीड चार्जिंग नेटवर्क और सुगम राजमार्गों की सुविधा का

# स्टडी ग्रुप के शैक्षणिक साझेदार फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी भारतीय छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का अनुभव प्रदान कर रही है

**मुंबई एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन करियर के अवसरों की तलाश कर रहे भारतीय छात्रों के लिए फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी एक शानदार शिक्षा केंद्र है। स्टडी ग्रुप का यह सहयोगी विश्वविद्यालय भारत और अन्य देशों के छात्रों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। यह अपने नवाचारों और शोध में उत्कृष्टता के लिए जाना जाता है। विविधता को प्रोत्साहित करने के कारण इसे फ्लोरिडा का सबसे विविधतापूर्ण सार्वजनिक विश्वविद्यालय भी माना गया है।

### फ्लोरिडा अटलांटिक यूनिवर्सिटी अमेरिका के प्रतिष्ठित शोध संस्थानों में से एक है और इसे रिसर्च 1 श्रेणी में शामिल किया गया है।

फरवरी 2025 में, कार्नेगी क्लासिफिकेशन ऑफ इंस्टीट्यूशन ऑफ हायर एजुकेशन द्वारा फ्लोरिडा अटलांटिक को रिसर्च 1 (आर1) श्रेणी में रखा गया। आर1 दर्जा अमेरिका में किसी भी विश्वविद्यालय के लिए शोध के क्षेत्र में सबसे बड़ा सम्मान है। इस श्रेणी में उन्हीं संस्थानों को शामिल किया जाता है, जो अत्यधिक उच्च शोध गतिविधि वाले होते हैं। पूरे अमेरिका में केवल 187 विश्वविद्यालयों को ही यह प्रतिष्ठित स्थान प्राप्त है। फ्लोरिडा अटलांटिक को शोध के लिए 75 मिलियन अमेरिकी डॉलर

### शिक्षा और करियर की तैयारी

फ्लोरिडा अटलांटिक छात्रों को न केवल उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करता है, बल्कि उन्हें वास्तविक अनुभव भी देता है, जिससे उनके रोजगार के अवसर बढ़ते हैं। यह विश्वविद्यालय स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर किफायती शुल्क के साथ डिग्री प्रोग्राम प्रदान करता है, जिससे छात्र अपनी पढ़ाई के दौरान ही अपने करियर की मजबूत नींव रख सकते हैं। यहां हर साल 6,200 से अधिक इंटर्नशिप के लिए छात्र गूगल, एप्पल, जनरल मोटर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों में जाते हैं। खासतौर पर अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए यह विश्वविद्यालय 30 से अधिक स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम प्रदान करता है, जो स्टेम ऑपरेशनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी) एक्सटेंशन के तहत आते हैं।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के दौरान वित्तीय जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु उठाए महत्वपूर्ण कदम

**मुंबई , एजेंसी।** देश में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 24 से 28 फरवरी, 2025 तक भारतीय रिज़र्व बैंक के 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025' के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम वित्तीय साक्षरता समृद्ध नारी वित्तीय ज्ञान के माध्यम से महिलाओं सशक्तीकरण और उनकी आर्थिक स्वतंत्रता व सुरक्षा को मजबूत करने के महत्व को रेखांकित करती है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने 'वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025' के तहत पूरे देश में 2907 ग्रामीण शाखाओं और 12 राज्यों में 85 वित्तीय साक्षरता केंद्रों के माध्यम से विभिन्न वित्तीय साक्षरता शिविरों और कार्यशालाओं का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य समाज में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना और वित्तीय समावेशन व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री लाल सिंह ने कहा, आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण साधन है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रत्येक व्यक्ति–विशेष रूप से महिलाओं के पास सही वित्तीय निर्णय लेने के लिए आवश्यक ज्ञान और संसाधन उपलब्ध हों। वित्तीय साक्षरता सप्ताह 2025 के दौरान, हमने न केवल वित्तीय जागरूकता को प्रोत्साहित किया बल्कि दीर्घकालिक वित्तीय समावेशन और सुरक्षा को भी बढ़ावा देने का प्रयास किया है। भविष्य में भी हम वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयास जारी रखेंगे और एक सुदृढ़ वित्तीय समाज के निर्माण में योगदान देते रहेंगे।

# सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन के पांच नए एक्सक्लूसिव फास्ट चैनल लॉन्च

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग टीवी प्लस, जो सैमसंग की मुफ्त विज्ञापन समर्थित स्ट्रीमिंग टीवी ( फास्ट) सेवा है, ने वार्नर ब्रदर्स के साथ मिलकर सैमसंग टीवी प्लस इंडिया पर विशेष रूप से पांच नए फास्टचैनल लॉन्च किए हैं। ये डब्लूबीटीवी चैनल स्ट्रीमिंग दर्शकों को बेहतरीन कहानियाँ और उच्च गुणवत्ता वाला मुफ्त मनोरंजन प्रदान करते हैं। हिंदी कंटेंट पर विशेष जोर देने के साथ, ये नए चैनल क्षेत्रीय और शहरी दोनों दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। सैमसंग टीवी प्लस एक मुफ्त स्ट्रीमिंग सेवा है, जो सैमसंग स्मार्ट टीवी पर पहले से इंस्टॉल होती है और समाचार, खेल, मनोरंजन समेत कई तरह के चैनल प्रदान करती है। सैमसंग टीवी प्लस इंडिया के हेड, पार्टनरशिप और बिजनेस डेवलपमेंट, कुणाल मेहता ने कहा, हमें सैमसंग टीवी प्लस पर वार्नर ब्रदर्स टेलीविजन का




स्वागत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। फास्ट श्रेणी में अग्रणी होने के नाते, हम अपने दर्शकों के लिए उच्चस्तरीय कंटेंट उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह साझेदारी न केवल दर्शकों के लिए मनोरंजन के अधिक विकल्प प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें बेहतर अनुभव और आसान एक्सेस भी देगी। साथ ही, यह विज्ञापनदाताओं के लिए नए अवसर भी लेकर आएगी। प्रीमियम प्रोग्रामिंग की विविध श्रृंखला पेश करते हुए, नीचे दिए गए चैनल सैमसंग स्मार्ट टीवी और मोबाइल डिवाइस पर दर्शकों को आकर्षित करने के लिए तैयार किए गए हैं।

# एमराल्ड फाइनेंस 15 करोड़ जुटाएगा

**मुंबई, एजेंसी।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड जो भारत में अपने प्रमुख अर्न्ड वेज एक्सेस सहित विभिन्न वित्तीय उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करने वाली एक गतिशील कंपनी है, ने इक्विटी शेयरों के प्राथमिक आवंटन के माध्यम से जारी करने की घोषणा की है। साथ ही, प्रस्तावित पूंजी निवेश के लिए 25 मार्च 2025 को एक असाधारण आम बैठक आयोजित कर शेयरधारकों की स्वीकृति प्राप्त करने का निर्णय लिया है। निदेशक मंडल ने 1 मार्च 2025 को हुई अपनी बैठक में 1,148,900 इक्विटी शेयरों के निर्गम को मंजूरी दी, जिसकी कीमत 131 प्रति शेयर होगी।

इसमें 10 का मूल मूल्य और 121 का प्रीमियम शामिल है। इस वरीयता आवंटन से लगभग 15.05 करोड़ जुटाए जाने की उम्मीद है, जिसका उपयोग व्यापार विस्तार, ईडब्ल्यूए कार्यक्रम को सुदृढ़ करने, आगे उधार देने, ऋण चुकाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। मुख्य बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में, बया पीटीई लिमिटेड, सिंगापुर अपनी भारतीय सहायक कंपनी बाया फिनसर्व टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से भाग ले रही है। इसके अलावा, सेंट कैपिटल मॉरीशस भी वरीयता आवंटन का हिस्सा है, जिससे कंपनी के निवेशक आधार को और मजबूती मिल रही है।

संजय अग्रवाल, मैनेजिंग डायरेक्टर, एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने कहा, यह पूंजी निवेश हमें हमारे इडब्ल्यूए प्रोग्राम के विस्तार और हमारी वित्तीय सेवाओं को मजबूत करने में सक्षम बनाएगा। बया पीटीई लिमिटेड और सेंट कैपिटल फंड जैसे प्रतिष्ठित निवेशकों के समर्थन से, हम अपने मिशन को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ताकि भारत भर में व्यक्तियों और व्यवसायों को नवीन और सुलभ वित्तीय समाधान प्रदान किए जा सकें।

# गारंटीड इनकम वाला प्रोडक्ट है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

**रीवा।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट पेश किया है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को लंबी अवधि की बचत प्रदान करने के साथ ही तुरंत आय की गारंटी भी देता है, जिससे उन्हें आर्थिक लिम्डिटी मिलती है। इस प्रोडक्ट में कई विकल्प हैं, जैसे ग्राहक तय कर सकते हैं कि गारंटीड इनकम कब शुरू होगी, कितने समय तक मिलेगी और मैच्योरिटी पर कितना पैसा मिलेगा। इसके साथ ही, इसमें लाइफ कवर भी शामिल है, जो परिवार की आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित करता है। बढ़ती हुई आय का विकल्प इस प्रोडक्ट की खासियत है। इसमें हर साल 5प्रतिशत की कंपाउंडिंग दर से इनकम बढ़ती है, जिससे महँगाई से निपटने में मदद मिलती है। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट एंड डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर, श्री अमित पालटाने कहा, हम अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए नवाचार की परंपरा को आगे बढ़ा रहे हैं। आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। यह अनोखा प्रोडक्ट ग्राहकों को गारंटीड इनकम का लाभ देता है, जिसे वे अपनी जीवन योजनाओं और नकदी जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज़ कर सकते हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि हमने हाल के महीनों में देखा है, आज के अनिश्चित आर्थिक माहौल में बाजार में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहती है। ऐसे समय में ग्राहक गारंटीड रिटर्न वाले प्रोडक्ट को प्राथमिकता देते हैं, जो उनकी पूँजी को सुरक्षित रखते हुए उनकी वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करे।

## ट्रांसयूनियन सिबिल, डब्लूईपी और एमएससी रिपोर्ट में महिला उधारकर्ताओं में साल-दर-साल 42 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है

# महिलाएं सक्रियता के साथ अपने क्रेडिट हेल्थ की निगरानी कर रही हैं




**नई दिल्ली, एजेंसी** भारत में ज़्यादातर महिलाएं ऋण लेना चाहती हैं, और ज़्यादातर महिलाएं सक्रिय रूप से अपने क्रेडिट स्कोर और रिपोर्ट की निगरानी भी कर रही हैं। यह महिला और खुदरा ऋण पर वार्षिक रिपोर्ट के कुछ प्रमुख निष्कर्ष हैं। इस रिपोर्ट का शीर्षक है, स्नहश्वद्ध क्ष्भहह्ल्श2द्गह्ल्य ह्लश क्ष्वुद्बद्यस्रद्गह्ल्य- ड्डश्वद्वद्गठ्ठ'ह्य ञ्जश्वद्य द्वठ्ठ ढ्ढठ्ठस्रद्बड्ड'ह्य स्रद्बठ्ठड्ढठ्ठष्द्बड्डद्य तह्स्न2ह्ल्द्ध स्ल्श्वह्ल4। इसे ट्रांसयूनियन सिबिल, नीति आयोग के महिला उद्यमिता प्लेटफ़ॉर्म (डब्लूईपी) और माइक्रोसेव कंसल्टिंग (एमएससी) द्वारा प्रकाशित किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 27 मिलियन महिला उधारकर्ता दिसंबर 2024 में अपने ऋण की सक्रिय रूप से निगरानी कर रही थीं, जो कि दिसंबर 2023 में ऐसा करने वाली लगभग 19 मिलियन महिलाओं की तुलना में 42त्न अधिक है। यह दर्शाता है कि महिला उधारकर्ता वित्तीय सशक्तिकरण की आधारशिला के रूप में क्रेडिट हेल्थ के महत्व को तेजी से पहचान रही हैं।

**युवा महिलाएं लोन निगरानी में आगे हैं-** जैसे-जैसे अधिक महिलाएं कार्यबल से जुड़ रही है या उद्यमी बन रही हैं, औपचारिक ऋण तक पहुँच उन्हें अपने करियर को आगे बढ़ाने या अपने बिजनेस आगे बढ़ाने का मार्ग प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, अपने ऋण की निगरानी करने से महिला

# माय 11 सर्किल ने जियोस्टार से हाथ मिलाया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के अग्रणी फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किलने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग के लिए को-प्रजेंटिंग पार्टनर (सह-प्रस्तुति भागीदार) के रूप में जियोस्टार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस गठजोड़ के साथ माय11सर्किल भारत के उत्साही क्रिकेट दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को और बढ़ाएगातथामोबाइल एवं कनेक्टेड डिवाइसेज पर जियोस्टार की व्यापक पहुंच का लाभ उठाएगा।

माय11सर्किल टाटा आईपीएल का आधिकारिक एसोसिएट पार्टनर भी है। इस प्रमुख टूर्नामेंट के साथ माय11सर्किल के पांच साल के एसोसिएशन का यह दूसरा साल है। इससे पूरे सीजन में क्रिकेट प्रशंसकों को एक मनोरंजक एवं आकर्षक अनुभव प्रदान करने की ब्रांड की प्रतिबद्धता और मजबूत होगी। इस साझेदारी पर बात करते हुएगेम्स24×7 के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर श्री सरोज पाणिग्रही ने कहा,भारत में आईपीएल को लेकर लोगों के जुनून को नकारा नहीं जा सकता है। इसे देखते हुए हम यूजर्स को और भी अधिक डायनामिक एवं इमर्सिव अनुभव प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। माय11सर्किल मेंहमारा ध्यान हमेशा हमारे यूजर्स पर रहा है। को-प्रजेंटिंग पार्टनर के रूप में जियोस्टारके साथ साझेदारी करने से हमें डिजिटल व्यूइंग एक्सपीरियंस के साथ सहजता से घुलने-मिलने में मदद मिलेगी, जिससे प्रशंसकों का एंगेजमेंट नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकेगा।

# दक्षिण भारतीय फिल्म में डेब्यू के लिए तैयार सोनाक्षी सिन्हा



बॉलीवुड में 'दबंग', 'तेवर' जैसी फिल्में देने वाली अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने जा रही हैं। जानकारी के अनुसार अभिनेत्री तेलुगू भाषा की फिल्म 'जटाधारा' में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। 'जटाधारा' में सुधीर बाबू भी हैं। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है। इंडस्ट्री के सूत्रों ने अभिनेत्री के फिल्म में शामिल होने के संकेत दिए हैं। फिल्म में सोनाक्षी को एक मजबूत और अलग तरह की भूमिका के लिए चुना गया है। अपकमिंग फिल्म 'जटाधारा' के बारे में बता दें, फिल्म का मुहूर्त पूजन हाल ही में हैदराबाद के एक मंदिर में किया गया। धूमधाम से आयोजित समारोह में मुख्य अतिथियों के तौर पर निर्देशक हरीश शंकर, 'पुष्पा 2- द रूल' के निर्माता रवि शंकर समेत फिल्म जगत के अन्य सितारे शामिल हुए। मुहूर्त पूजन में निर्देशक वेंकी अटलूरी, निर्देशक मोहना इंद्रगांती, शिल्पा शिरोधाकर समेत अन्य ने शिरकत की। 'जटाधारा' एक्शन और सस्पेंस से भरपूर मनोरंजक फिल्म है, जिसमें अभिनेता सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में हैं। 'जटाधारा' की पौराणिक कथाओं के साथ कहानी को निर्माताओं ने मनोरंजक मोड़ दिया है। फिल्म के बारे में सुधीर बाबू ने कहा, मैं इस नई यात्रा के लिए रोमांचित हूं। जटाधारा का हिस्सा बनना सम्मान की बात है।

मैं इस किरदार को निभाने के लिए उत्साहित हूं। स्क्रिप्ट में हमारी समृद्ध पौराणिक मान्यताओं को वैज्ञानिक तथ्यों के साथ सहजता से जोड़ा गया है, जो दर्शकों के लिए एक बेहतरीन और नया अनुभव लेकर आएगा और मेरा मानना है कि यह दर्शकों पर एक खास प्रभाव छोड़ेगा। 'जटाधारा' के मुहूर्त समारोह में जी स्टूडियो के प्रस्तुतकर्ता उमेश के.आर. बंसल और प्रेरणा वी. अरोड़ा भी शामिल हुईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो सोनाक्षी सिन्हा के पास 'जटाधारा' के अलावा 'तू है मेरी किरण' भी है, जिसमें वह पति-अभिनेता जहीर इकबाल के साथ नजर आएंगी। सोनाक्षी सिन्हा के पास 'निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस' भी है।

# आर माधवन ने इंस्टाग्राम पर चैट करने की खबरों पर तोड़ी चुप्पी



आर माधवन फिल्मों में अपनी दमदार भूमिकाओं के लिए मशहूर हैं। अब उन्होंने हाल ही में सोशल मीडिया पर फैली गलतफहमियों को दूर किया, जिसमें कुछ लोगों का मानना था कि वह युवा लड़कियों के साथ छेड़खानी करते हैं। अभिनेता इन अफवाहों का खंडन करने और स्थिति को साफ करने के लिए आगे आए और इस मामले में अपनी बात सामने रखी। चेन्नई में एक एप के लॉन्च के दौरान आर माधवन ने सोशल मीडिया पर अपने साथ होने वाली बेवजह जांच के बारे में बात की। वह इस एप में निवेशक के तौर पर शामिल हुए हैं। उनके भाषण का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। सोशल मीडिया पर आने वाली चुनौतियों के बारे में बताते हुए माधवन ने एक उदाहरण साझा किया और कहा, एक युवा लड़की ने मुझे संदेश भेजा, मैंने यह फिल्म देखी। मुझे यह बहुत पसंद आई। मुझे लगा कि आप एक शानदार अभिनेता हैं, बहुत बढ़िया। आपने मुझे प्रेरित किया। इसके साथ ही उन्होंने दिल, किस और लव इमोजी भेजे।

**अभिनेता ने क्यों किया फैन को रिप्लाई?**

आर माधवन ने आगे कहा कि अब, जब कोई प्रशंसक मुझसे इतने विस्तार और प्यार से बात करता है तो मैं जवाब देने के लिए मजबूर महसूस करता हूं। मैं आमतौर पर जवाब देता हूं और मैंने ऐसा ही किया। मैंने उन्हें जवाब दिया और लिखा, बहुत-बहुत धन्यवाद, आप बहुत दयालु हैं। भगवान आपका भला करे। हालांकि, लड़की ने तब मेरे रिप्लाई का स्क्रीनशॉट लिया और इसे इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर दिया।

**माधवन को करना पड़ा समस्या का सामना**

अब लोग क्या देखते हैं? दिल, चुंबन और प्यार भरी बातें और मैडी ने इसका जवाब दिया है। मेरा इरादा उस पर जवाब देने का नहीं था। मेरा इरादा उसके संदेश का जवाब देने का था, लेकिन यह एक छोटी सी बात है, आप केवल उस प्रतीक को देखते हैं और कहते हैं ओह मैडी छोटी लड़कियों से बात कर रहा है। अगर मुझे यही डर है और मुझे हर बार सोशल मीडिया पर संदेश डालते समय इधर-उधर भागना पड़ता है तो क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि अगर मुझे मेरे अनुभव के साथ इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है तो किसी दूसरे व्यक्ति को कितनी समस्या होगी?

# सलमान को अल्लू अर्जुन ने किया रिप्लेस?



मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि डायरेक्टर एटली कुमार ने अपनी आगामी फिल्म से बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान को रिप्लेस कर दिया है। एटली अब सलमान खान की जगह फिल्म में अल्लू अर्जुन को कास्ट करने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक डायरेक्टर एटली कुमार की अपकमिंग फिल्म में सलमान खान नहीं नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि सलमान खान की पिछली फिल्मों के बॉक्स ऑफिस पर खराब प्रदर्शन के कारण एटली कुमार ने यह फैसला किया है। डायरेक्टर सलमान खान और रजनीकांत के साथ इस फिल्म को बनाना चाहते थे, लेकिन अब उन्होंने सलमान खान की जगह फिल्म में अल्लू अर्जुन को कास्ट कर लिया है और दूसरे एक्टर की तलाश में हैं। 600 करोड़ रुपए के बजट में बनने जा रही इस फिल्म को सन पिक्चर्स प्रोड्यूस करने जा रहा है। एक्शन से भरपूर यह फिल्म पुनर्जन्म थीम पर आधारित होगी। जिसमें तीन अभिनेत्रियां नजर आने वाली हैं। फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है।

# 11 साल 11 फिल्में बस एक ब्लॉकबस्टर, फिर भी इन वजहों से हिट हैं टाइगर श्रॉफ



डांस, एक्शन और रोमांस फिल्मों में टाइगर श्रॉफ अपने अलग अंदाज के लिए जाने जाते हैं। बड़े स्टार के बेटे होने के बाद भी खुद के संघर्षों से बॉलीवुड में जगह बनाने वाले अभिनेता का आज जन्मदिन है। आइए जानते हैं इनकी पर्सनल लाइफ और करियर की कुछ रोचक बातें।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जैकी श्रॉफ के बेटे टाइगर श्रॉफ का जन्म 2 मार्च 1990 को मुंबई में हुआ था। टाइगर का असली नाम जय हेमंत श्रॉफ है, लेकिन इनके पिता बचपन से ही इन्हें प्यार से टाइगर नाम से बुलाते थे। इस वजह से बॉलीवुड में भी अभिनेता ने 'टाइगर' नाम से उपलब्धि हासिल की। वहीं दूसरी ओर टाइगर को मार्शल आर्ट्स और फिटनेस का बहुत शौक है।

बचपन में ही डायरेक्टर ने फिल्म ऑफर की टाइगर जब पैदा हुए तो मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई उन्हें देखने पहुंचे। उन्होंने टाइगर के पिता जैकी श्रॉफ को टाइगर के साइनिंग अमाउंट के तौर पर 101 रुपये दिये। सुभाष ने जैकी से कहा कि बतौर एक्टर तुम्हारे बेटे को मैं ही लॉन्च करूंगा।

## फिल्मों की दुनिया में टाइगर

चर्चित स्टार के बेटे होने के बावजूद परिवार ने चाहा कि वह अपना करियर खुद बनाए। अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत 2014 में फिल्म 'हीरोपंती' से की थी, जिसे साजिद नाडियाडवाल ने प्रोड्यूस किया था और सब्बीर खान ने निर्देशन। इस फिल्म को लेकर इनकी कुछ आलोचनाएं भी हुई थी। वहीं एक ओर इस फिल्म के 'व्हिसल बजा' और 'रब्बा' गाने बहुत हिट साबित हुए थे। इसके बाद उन्होंने बागी, ए फ्लाइंग जट, मुन्ना माइकल, स्टूडेंट ऑफ द ईयर जैसी फिल्मों में बतौर मुख्य भूमिका में काम किया। इनमें से इनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही थी, जिस कारण वह डिप्रेशन में चले गए थे। इस बात का खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू में किया था। साल 2019 में रिलीज हुई 'वॉर' फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ की ब्लॉकबस्टर फिल्म रही थी। इसमें टाइगर के साथ अभिनेता ऋतिक रोशन भी मुख्य भूमिका में थे।

# सामंथा ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल



अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं। सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि 15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया। सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार सिटाडेल हनी बनी में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म ये माया चेसावे से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला।

# अब नेगेटिव रोल की इमेज से अलग होना चाहते हैं बॉबी देओल, वेब सीरीज को एक्टर्स के लिए वरदान बताया



हाल ही में एक्टर बॉबी देओल ने बताया कि फिल्म 'एनिमल', 'कंगुवा' और वेब सीरीज 'आश्रम' में निभाए गए विलेन के रोल के कारण उन्हें नेगेटिव रोल ही ऑफर हो रहे हैं। लेकिन अब वह नए किरदारों को निभाना चाहते हैं।

## बॉबी बोले टाइपकास्ट हो गया हूं

वेब सीरीज 'आश्रम 3' के दो पार्ट में निराला बाबा के रोल में बॉबी देओल फिर से छा गए हैं। हाल ही में बातचीत में बॉबी देओल कहते हैं, ' सीरीज 'आश्रम' ने मेरी जिंदगी बदल दी, लोगों ने मुझे एक अलग नजरिए से देखा। दर्शक सोचते हैं कि बॉबी देओल एक विलेन का रोल भी अच्छे से निभा सकता है। लेकिन अब फिर से मैं इस तरह के रोल में टाइपकास्ट हो रहा हूं। मैं इस इमेज से बाहर निकलना चाहता हूं।

## आसान नहीं रहा नेगेटिव रोल निभाना

बॉबी देओल आगे कहते हैं, 'मैं अभी जो नेगेटिव रोल निभा रहा हूं, वे मेरे कंफर्ट जोन से बाहर हैं। शुरू में मुझे शर्म आती थी। इस बात को लेकर थोड़ी हिचकिचाहट होती है कि दूसरे आपके काम पर कैसा रिएक्शन देंगे। लेकिन मुझे नेगेटिव रोल निभाने पर पॉजिटिव रेस्पॉन्स मिला।'

## लॉर्ड बॉबी टैग पर बात की

ऑडियंस ने बॉबी देओल को लॉर्ड बॉबी का टैग दिया है, इस पर वह क्या सोचते हैं। बॉबी कहते हैं, 'पहले ये सब सोशल मीडिया पर मजाक के तौर पर शुरू हुआ, लेकिन आगे चलकर दर्शक इसके जरिए अपना प्यार जताने लगे। इस तरह से वे मेरी मेहनत को सराहते हैं।'

## ओटीटी को वरदान बताया

बॉबी देओल के करियर में बड़ा बदलाव वेब सीरीज 'आश्रम' में काम करके ही आया था। ऐसे में वह ओटीटी प्लेटफॉर्म की तारीफ करते हैं। बॉबी कहते हैं, 'मैं उम्र के उस मुकाम पर हूं, जहां मुझे लीड रोल निभाने की टेंशन नहीं है। साथ ही मेरा मानना है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म एक्टर्स के लिए एक वरदान है।'

# फिर साथ आए ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल

ऋतिक रोशन, फरहान अख्तर और अभय देओल अभिनीत जिंदगी ना मिलेगी दोबारा अपनी रिलीज के 13 साल बाद भी प्रशंसकों की पसंदीदा बनी हुई है। जबकि दर्शक जिंदगी ना मिलेगी दोबारा के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, इस बीच अब ऋतिक, फरहान और अभय हाल ही में फिर से साथ आए, लेकिन दुख की बात है कि सीक्वल के लिए नहीं।

## साथ नजर आई तिकड़ी

ऋतिक, फरहान और अभय यास आइलैंड के साथ एक विशेष सहयोग के लिए फिर से साथ आए। तीनों ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक तस्वीर साझा की और एक संयुक्त पोस्ट में लिखा, समय लगा, लेकिन आखिरकार हमने यस कहा- जिंदगी को यस बोल। प्रशंसकों ने इस पोस्ट पर उत्साह के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की, हालांकि कई लोगों ने अनुमान लगाया कि यह सहयोग किसी विज्ञापन के लिए था।

इस साल की शुरुआत में फरहान ने ऋतिक और अभय के साथ एक रेस्तरां में बैठे हुए एक वीडियो शेयर किया था। वीडियो में अभय को एक किताब को घूरते हुए देखा गया था। ऋतिक ने भी उसी किताब को देखते हुए कहा, अविश्वसनीय, जबकि फरहान ने कहा, शानदार। जिस किताब को तीनों देख रहे थे, वह थी द थ्री मस्किटर्स, जो फ्रांसीसी लेखक एलेक्जेंडर डुमास का क्लासिक एडवेंचर उपन्यास है।

## फिल्म के कलाकार

फरहान अख्तर ने इस पोस्ट में अपनी बहन और फिल्म निर्माता जोया अख्तर को टैग किया। कैप्शन में उन्होंने लिखा, जोया अख्तर क्या आपको ये संकेत दिख रहे हैं? बैकग्राउंड में फरहान ने प्रतिष्ठित जिंदगी ना मिलेगी दोबारा का गाना सेनोरिटा जोड़ा गया था, जिससे प्रशंसक पुरानी यादों में खो गए।



साभार एजेंसी

## बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना दूंगा, योगराज सिंह ने किया है ऐसा दावा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना दूंगा. ये बयान युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह का बताया जा रहा है, जो कि अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. अब अगर ऐसा है तो ये एक बड़ा दावा है. मगर योगराज सिंह के इस दावे की फिलहाल पुष्टि नहीं करता. सोशल मीडिया पर चल रहा योगराज सिंह का बयान हैंडल से पोस्ट किया गया है, जिसके मुताबिक वो बाबर आजम को एक महीने में ट्रेविस हेड बना देंगे.

योगराज सिंह ने कहा है कि बाबर आजम को सिर्फ एक महीने के लिए मेरे साथ छोड़ दो और फिर मैं उसे ट्रेविस हेड बना दूंगा. हालांकि, ये बयान कितना पुख्ता है, इस बारे में कुछ भी साफ नहीं है. हमने जब इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश की तो हमें फिलहाल कहीं और कुछ भी नहीं मिला.

चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान के फीके प्रदर्शन के बाद योगराज सिंह ने स्पोर्ट्स नेक्स्ट को दिए इंटरव्यू में ये जरूर कहा था कि अगर वो पाकिस्तान के कोच बनते हैं तो उस टीम की दशा और दिशा दोनों बदल देंगे. योगराज ने कहा था कि कभी-कभी उन्हें लगता है कि पाकिस्तान की टीम को फोन करके कहें कि अगर उनके पास कोच नहीं है तो ये टीम एक साल के लिए उन्हें दे दें फिर वो उन्हें बब्बर शेर बना देंगे. योगराज सिंह ने माना था कि पाकिस्तान की टीम में वो सबकुछ है, जो एक बेहतर टीम बनने के लिए चाहिए. उनके पास बड़े स्टार्स है तो तेज रफ्तार वाले गेंदबाज भी हैं. अगर कुछ नहीं है तो वो है अच्छी व्यवस्था.

## जॉर्ज लिंडे दक्षिण अफ्रीका की टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल हुए



**लाहौर, एजेंसी।** बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर जॉर्ज लिंडे को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर दक्षिण अफ्रीकी टीम में शामिल किया गया है। वह दाएं हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे एडेन मार्करम की जगह लेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ फील्डिंग करते समय मार्करम को चोट लगी थी और उन्हें मैच के बाकी समय मैदान से बाहर बैठना पड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले के लिए उनकी उपलब्धता मंगलवार शाम के प्रशिक्षण सत्र के दौरान फिटनेस टेस्ट के बाद तय की जाएगी। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार, लिंडे का शामिल होना दक्षिण अफ्रीका की आकस्मिक योजना का हिस्सा है, खासकर अगर वे दुबई में होने वाले फाइनल में पहुंचते हैं, जहां शुष्क परिस्थितियों के कारण अतिरिक्त स्पिनर की जरूरत पड़ सकती है।

लिंडे दक्षिण अफ्रीका के 2014 के सफल अभियान के बाद टीम में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने एमआई केपटाउन की पहली खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। 11 मैचों में उन्होंने 153.33 की स्ट्राइक रेट से 161 रन बनाए और 6.29 की शानदार इकॉनमी से 11 विकेट लिए। हाल ही में, उन्होंने वनडे चैलेंज डिवीजन वन में वेस्टर्न प्रोविंस के लिए खेला, जिसमें उन्होंने पांच मैचों में 106 रन बनाए और चार विकेट लिए।

# रिजवान का पत्ता साफ, पाकिस्तान टीम को मिला नया कप्तान

### 31 साल के सलमान आगा के हाथों में कमान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के समापन के ठीक बाद पाकिस्तान को न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज खेलनी है. पाक टीम का एलान करके सलमान आगा को नया टी20 कप्तान नियुक्त कर दिया है. न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 टीम से मोहम्मद रिजवान और बाबर आजम की छुट्टी हो गई है, हालांकि चयनकर्ताओं ने दोनों फॉर्मेट में अब भी शाहीन शाह अफरीदी पर भरोसा दिखाया है.

अभी पाकिस्तान टीम के अंतरिम हेड कोच आकिब जावेद ने लाहौर में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सलमान आगा को कप्तान बनाने की जानकारी दी. सबसे चौंकाने वाला फैसला यह है कि टी20 टीम से बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान को बाहर कर दिया गया है. आकिब जावेद ने बताया कि टीम मैनेजमेंट युवाओं को मौका देना चाहता है. बताते चलें कि टी20 स्क्वाड से नसीम शाह और मोहम्मद हसनैन को भी ड्रॉप कर दिया गया है.

**कब खेली जाएगी पाकिस्तान-न्यूजीलैंड टी20 सीरीज**

अभी न्यूजीलैंड टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेल रही है, जहां 5 मार्च को उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल मैच खेलना है. पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टी20 सीरीज 16 मार्च से शुरू होगी और 26 मार्च तक दोनों टीमों के बीच पांच टी20 मैच खेले जाएंगे. बताते चलें कि टी20 सीरीज के बाद दोनों देशों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज भी खेली जाएगी. पाकिस्तान, चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मेजबान होते हुए भी एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाया था और ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गया था.

**पाकिस्तान का टी20 स्क्वाडः**

सलमान अली आगा (कप्तान), शादाब खान (उप-कप्तान), अब्दुल समद, अबरार अहमद, हारिस रऊफ, हसन नवाज, जहांदाद खान, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद अली, मोहम्मद हारिस, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मुकीम, उस्मान खान.

# शमा मोहम्मद ने विराट कोहली को भी बताया था विदेशी, शादी को लेकर भी उठाया था सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के वजन पर विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का वजन जरूरत से ज्यादा है और प्रभावी कप्तान नहीं है। इस बयान के बाद काफी हंगामा मचा था। शमा ने पहली बार किसी क्रिकेटर पर बयान नहीं दिया है। वह इससे पहले विराट कोहली को लेकर भी विवादित बयान दे चुकी हैं।

शमा मोहम्मद ने कोहली को लेकर दिया था बयान

सोशल मीडिया पर शमा मोहम्मद का सात साल पुराना ट्वीट वायरल हुआ है। इस पोस्ट में वह विराट कोहली पर निशाना साध रही थीं। विराट कोहली ने उस समय एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया को पसंद करने वालों को वहीं चले जान चाहिए। शमा ने इसी इंटरव्यू को लेकर कोहली पर निशाना साधा था और वह उसकी शादी तक को बीच में ले आई थीं।





### कोहली को किया था ट्रोल

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, 'विराट कोहली ब्रिट्रिश द्वारा बनाया गया गेम खेलते हैं, वह विदेशी ब्रांड्स को एंडोर्स करके करोड़ों रुपए कमाते हैं, उन्होंने इटली में शादी की। हर्षल गिब्स को अपना पसंदीदा क्रिकेटर और एंजलीक कर्बर को पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी मानते हैं और विदेशी बल्लेबाजों को पसंद करने वालों को भारत छोड़ने को कहते हैं।'

### रोहित शर्मा को लेकर दिया था विवादित बयान

शमा ने रोहित शर्मा को लेकर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने कहा, 'शर्मा एक खिलाड़ी होने के लिहाज से मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! और निश्चित रूप से वह भारत के अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान हैं।''कांग्रेस ने स्वीकार किया कि उन्होंने मर्यादा का उल्लंघन किया है और पार्टी ने उनसे पोस्ट डिलीट करने के लिये भी कहा।



एशियाई चैंपियंस लीग

## रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल-नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला

**तेहरान, एजेंसी।** दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल-नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं। इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया। दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल-साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

## सुशील कुमार को 19 महीने बाद मिली बेल, सागर धनकड़ मर्डर केस में हैं आरोपी



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय रेसलर और दो बार के ओलंपिक मेडलिस्ट सुशील कुमार को 19 महीने बाद जमानत मिली है। यह दूसरा मौका है जब सुशील को जूनियर रेसलर सागर धनकड़ के मर्डर केस में 2021 हिरासत में लिया था। वहीं, उन्हें इससे पहले जुलाई 2023 में घुटने की सर्जरी के लिए 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। सुशील पर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम के ही जूनियर ग्रीको रोमन रेसलर सागर धनकड़ की हत्या का आरोप लगा था। उनपर पार्किंग में पहलवान सागर धनखड़ और उनके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगा। सागर की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसके बाद सुशील कुछ समय तक इधर-उधर भागते रहे लेकिन आखिरकार उन्हें अरेस्ट कर दिया गया था.

## गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को 90 रन से हराया- बेथ मूनी शतक से चूकीं, हरलीन ने 45 रन बनाए; काशवी-तनुजा को 3-3 विकेट

**लखनऊ, एजेंसी।** विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 15वें मैच में गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्ज को 81 रन से हरा दिया। यह सीजन में टीम की तीसरी ही जीत है। गुजरात से बेथ मूनी ने 96 और हरलीन देओल ने 45 रन बनाए। काशवी गौतम और तनुजा कंवर को 3-3 विकेट मिले। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सोमवार को यूपी ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 105 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शिनेले हेनरी ने 28 रन बनाए।

मूनी-हरलीन ने सेंचुरी पार्टनरशिप की टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने पहले ओवर में दयालन हेमलता का विकेट गंवा दिया। हेमलता 2 ही रन बना सकीं। बेथ मूनी ने फिर फिफ्टी लगाई और हरलीन देओल के साथ 101 रन की पार्टनरशिप कर ली। हरलीन 45 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान एश्ले गार्डनर 11 ही रन बना सकीं। डिएंड्रा डॉटिन 17, फीब लीचफिल्ड 8 और भारती फूलमाली 2 ही रन बना पाईं। मूनी एक एंड पर टिकी रहीं, उन्होंने 96 रन बनाए और टीम को 186 तक पहुंचा दिया। यूपी से सोफी एक्लेस्टन ने 2 विकेट लिए। शिनेले हेनरी और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला।



बेथ मूनी और हरलीन देओल ने 101 रन की पार्टनरशिप की। यूपी की बेहद खराब शुरुआत 187 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। किरण नवगिरे और जॉर्जिया वॉल खाता भी नहीं खोल सकीं। वृंदा दिनेश 1, कप्तान दीप्ति शर्मा 6 और श्वेता सहरावत 5 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 36 रन पर 5 विकेट गंवा दिए।

ओपनर ग्रेस हैरिस 25, विकेटकीपर उमा छेत्री 17 और शिनेले हेनरी 28 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी एक्लेस्टन ने एक एंड संभाला, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर साथ नहीं मिला। गौहर सुल्ताना खाता भी नहीं खोल सकीं। एक्लेस्टन 14 रन बनाकर आउट हुईं और टीम 17.1 ओवर में 105 रन बनाकर सिमट गई।

काशवी ने 3 विकेट लिए गुजरात के लिए तेज गेंदबाज काशवी गौतम और तनुजा कंवर ने 3-3 विकेट लिए। डिएंड्रा डॉटिन को 2 विकेट मिले। मेघना सिंह और कप्तान एश्ले गार्डनर ने 1-1 विकेट लिया।

# योगासन चैंपियनशिप: भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा।

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है। एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा, हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।



एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं।

विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेगे। योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मेक्सिको और कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा : ट्रंप

» **वाशिंगटन, भाषा।**

**राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि मेक्सिको एवं कनाडा से आयात पर 25 फीसदी शुल्क मंगलवार से लागू होगा। इससे उत्तर अमेरिका में व्यापार युद्ध की आशंकाएं फिर से पैदा हो गई हैं, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ने और विकास में बाधा उत्पन्न होने के संकेत पहले ही मिल चुके हैं। ट्रंप ने संवाददाताओं से कहा कल - कनाडा पर 25 प्रतिशत और मेक्सिको पर 25 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाएगा और इसकी शुरुआत हो जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि शुल्क का उद्देश्य दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को मादक पदार्थ फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ लड़ाई तेज करने और अवैध आव्रजन को रोकने के लिए मजबूर करना है। लेकिन ट्रंप ने यह भी संकेत दिया है कि वह अमेरिका के व्यापार असंतुलन को भी समाप्त करना चाहते हैं तथा अधिकाधिक कारखानों को अमेरिका में स्थानांतरित करना चाहते हैं।**



उनकी टिप्पणियों ने अमेरिकी शेयर बाजार को झकझोर कर रख दिया, सोमवार दोपहर के कारोबार में एसएंडपी 500 इंडेक्स में दो प्रतिशत की गिरावट आई। यह राजनीतिक और आर्थिक जोखिमों का संकेत है, जिससे मुद्रास्फीति बढने और मेक्सिको और कनाडा के साथ दशकों पुरानी व्यापार साझेदारी खत्म होने की आशंका है। फिर भी ट्रंप प्रशासन को भरोसा है कि शुल्क अमेरिकी विनिर्माण को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प है। ट्रंप ने फरवरी में चीन से आयात पर 10 फीसदी शुल्क लगाया था। उन्होंने सोमवार को फिर से ज़ोर दिया कि मंगलवार को यह दर दोगुनी होकर 20 प्रतिशत हो जाएगी। ट्रंप ने फरवरी में एक महीने की मोहलत दी थी क्योंकि मेक्सिको और कनाडा दोनों ने रियायतों का वादा किया था। लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि नए शुल्क से बचने के लिए मेक्सिको या कनाडा के लिए कोई गुंजाइश नहीं बची है। कनाडा के ऊर्जा उत्पादों जैसे तेल और बिजली पर 10 फीसदी की कम दर से शुल्क लगाया जाएगा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को कहा कि ट्रंप द्वारा शुल्क लगाने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने कहा, शुल्क सफल व्यापारिक रिश्ते को बाधित करेगा। वे उसी व्यापार समझौते का उल्लंघन करेंगे जिस पर राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में बातचीत की थी। ट्रूडो ने कहा कि कनाडा जवाबी कार्रवाई करते हुए 21 दिनों की अवधि में 155 अरब अमेरिकी डॉलर के अमेरिकी सामानों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाएगा, जिसकी शुरुआत मंगलवार को 30 अरब अमेरिकी डॉलर के सामानों पर शुल्क से होगी।

## चीन का अमेरिकी उत्पादों पर 15 प्रतिशत का जवाबी शुल्क, कई कंपनियों पर भी कार्रवाई



**बीजिंग।** चीन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा उसके (चीन के) निर्यात पर दूसरे दौर का 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के जवाब में अमेरिकी उत्पादों पर अतिरिक्त 15 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। चीन ने इसके साथ ही विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हालांकि, चीन ने एक-दूसरे की चिंताओं को दूर करने के लिए वार्ता के लिए दरवाजे खुले रखे हैं। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने मंगलवार को कहा कि 10 मार्च से अमेरिका से आयातित कुछ उत्पादों पर अतिरिक्त शुल्क लगाया जाएगा। आयोग ने बयान में कहा कि अमेरिका से आयातित चिकन, गेहूं, मक्का और कपास पर 15 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगेगा। वहीं ज्वार, सोयाबीन, सुअर का मांस (पोर्क), गोवंश का मांस (बीफ), जलीय उत्पाद, फल, सब्जियां और डेयरी उत्पादों पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत शुल्क लगाया जाएगा। इसके अलावा, चीन ने मंगलवार को 10 अमेरिकी कंपनियों को देश की गैर-भरोसेमंद इकाई सूची में उनके खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करने का फैसला किया। इनमें रक्षा और सुरक्षा के अलावा कृत्रिम मेधा (एआई), विमानन, आईटी और दोहरे उपयोग वाली वस्तुओं से जुड़ी कई कंपनियां शामिल हैं। वाणिज्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि इसके अलावा, चीन ने उसके उत्पादों पर शुल्क वृद्धि के संबंध में डब्ल्यूटीओ विवाद निपटान तंत्र के तहत अमेरिका के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की है। चीन की जवाबी कार्रवाई अमेरिका द्वारा चीन से आयातित उत्पादों पर चार मार्च से प्रभावी 10 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने के बाद हुई है।

## ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टो की कीमतों को अल्पकालिक उछाल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आश्चर्यजनक घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में थोड़ी तेजी आई। ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार रणनीतिक रिजर्व कोष में विभिन्न प्रकार की डिजिटल परिसंपत्तियों को खरीदे और रखे। यह घोषणा ट्रंप के अस्थिर क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को अपने सार्वजनिक समर्थन के बैरोमीटर के रूप में उपयोग करने के बढ़ते प्रयासों को उजागर करती है। ट्रंप ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सरकार एक क्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें कम-ज्ञात क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो शामिल होंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट के साथ कहा कि उनके नियोजित रिजर्व में बिटकॉइन और ईथर भी शामिल होंगे। ये दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी हैं। इस घोषणा से क्रिप्टो की कीमतों में हाल ही में हुई बिकवाली के बाद थोड़ी तेजी देखने को मिली। पिछले सप्ताह 80,000 डॉलर से नीचे गिरने के बाद बिटकॉइन करीब 95,000 डॉलर तक पहुंच गया। रविवार को ट्रंप की घोषणा के बाद एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला। लेकिन सोमवार दोपहर तक कीमतें लगभग उसी स्तर पर आ गईं।

### यूक्रेन ने रूस के साथ शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की

## ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी सैन्य सहायता अस्थाई रूप से निलंबित की

» **न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, भाषा।**

**अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को दी जाने वाली सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है। ट्रंप का यह निर्णय अमेरिका के राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक अभूतपूर्व टकराव के बाद सामने आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर में एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि ट्रंप ने यूक्रेन को सभी अमेरिकी सैन्य सहायता की आपूर्ति को अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है जिससे एक अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति प्रभावित होगी। खबर में कहा गया है कि सैन्य सहायता रोकने का ट्रंप का निर्णय अमेरिकी नेता और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित वरिष्ठ सहयोगियों के बीच व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में कई बैठकों के बाद लिया गया।**



अधिकारी ने कहा कि यह आदेश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक ट्रंप यह निर्धारित नहीं कर लेते कि यूक्रेन ने रूस के साथ शांति वार्ता के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। आदेश में यूक्रेन सुरक्षा सहायता पहल के माध्यम से सैकड़ों करोड़ अमेरिकी डॉलर की सहायता पर भी रोक लगा दी गई है। इस पहले के माध्यम से धन प्रदान किया जाता है और यूक्रेन इसका इस्तेमाल केवल अमेरिकी रक्षा कंपनियों से सीधे नए सैन्य हार्डवेयर खरीदने के लिए कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के अनुसार, 24 फरवरी 2022 को रूस द्वारा यूक्रेन पर पूर्व नियोजित आक्रमण शुरू करने के बाद से अमेरिका अब तक 65.9 अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता प्रदान कर चुका है और 2014 में रूस के यूक्रेन पर शुरुआती आक्रमण के बाद से लगभग 69.2 अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता प्रदान की गई है। रूस के साथ युद्ध के तीन साल पूरे होने पर यूक्रेन के लिए यह हालिया झटका ट्रंप और उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस की जेलेंस्की के साथ तीखी नोकझोंक के कुछ दिनों बाद सामने आया है। जेलेंस्की पिछले शुक्रवार को व्हाइट हाउस आए थे और दोनों देश एक दुर्लभ खनिज सौदे पर हस्ताक्षर करने वाले थे। लेकिन ट्रंप और जेलेंस्की के बीच बातचीत वैश्विक मीडिया के सामने गरमागरम बहस में तब्दील हो गई।

# पाक चिकित्सकों ने अडियाला जेल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की जांच की

» **इस्लामाबाद, भाषा।**

**पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के स्वास्थ्य के बारे में रिपोर्ट सामने आने के बाद पाकिस्तानी चिकित्सकों की एक टीम ने अडियाला जेल में उनकी चिकित्सीय जांच की। मीडिया में आई खबरों में इसकी जानकारी दी गई है। खान अगस्त, 2023 से जेल में बंद हैं और उनकी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) ने उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई थी। डॉन अखबार की खबर में बताया गया है कि पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पीआईएमएस) की एक टीम ने पूर्व प्रधानमंत्री की चिकित्सीय जांच करने के लिए सोमवार को अडियाला जेल का दौरा किया। चार सदस्ईय टीम का नेतृत्व ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अल्ताफ हुसैन ने किया, जबकि टीम के अन्य सदस्यों में अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग से डॉ. उमर फारूक, जनरल मेडिसिन से डॉ. मोहम्मद अली आरिफ और जनरल सर्जरी से डॉ. तशफीन इम्तियाज शामिल थे।**



जांच 30 मिनट तक की गई। यह जांच हाल में पीटीआई द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद की गई है। विशेष रूप से पार्टी के सूचना सचिव शेख वक्कास अकरम ने दावा किया है कि सरकार ने इमरान खान को एकांत कारावास में रखा है। पीटीआई के एक अन्य नेता ने दावा किया था कि खान को उनकी बहनों या अन्य रिश्तेदारों से भी मिलने नहीं दिया जा रहा है। पीटीआई के एक नेता ने कहा कि खान के पारिवारिक चिकित्सक को उनसे मिलने नहीं दिया जा रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। उनके स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में चिकित्सकों की रिपोर्ट तुरंत जारी नहीं की गई। डॉन ने यह भी बताया कि इस्लामाबाद में अटकलें लगाई जा रही थीं कि पूर्व प्रधानमंत्री को किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि, ऐसे किसी भी दावे के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंदापुर ने पिछले महीने कहा था कि खान को जल्द कहीं और स्थानांतरित किया जाएगा। हालांकि, उन्हें स्थानांतरित करने की योजना के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

## कनाडा, मैक्सिको के खिलाफ ट्रंप की शुल्क धमकी लागू होने व्यापार युद्ध शुरू

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको के विरुद्ध लंबे समय से दी जा रही शुल्क की धमकी अंततः मंगलवार को लागू हो गई, जिससे वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल मच गई। अमेरिका के उत्तरी अमेरिकी सहयोगियों द्वारा महंगी जवाबी कार्रवाई की संभावना पैदा हो गई है। आधी रात से ही कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कनाडा के ऊर्जा उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, फरवरी में ट्रंप ने चीन से आयात पर जो 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था, उसे दोगुना करके 20 प्रतिशत कर दिया गया है। जवाब में, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश 21 दिनों के दौरान 100 अरब डॉलर से ज़्यादा के अमेरिकी सामानों पर शुल्क लगाएगा। मेक्सिको और चीन ने फिलहाल किसी जवाबी कार्रवाई के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों ने उच्च मुद्रास्फीति और विनाशकारी व्यापार युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया है, जबकि उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था कि आयात पर कर राष्ट्रीय समृद्धि का सबसे आसान रास्ता है। उन्होंने मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों की चेतावनियों को दरकिनार करने और अपनी खुद की सार्वजनिक स्वीकृति को दांव पर लगाने की इच्छा दिखाई है। उनका मानना है कि शुल्क देश की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा, यह एक बहुत शक्तिशाली हथियार है जिसका राजनेताओं ने इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि वे या तो बेईमान थे, मूर्ख थे या उन्होंने किसी अन्य रूप में पैसे कमाए थे। उन्होंने कहा, ...और अब हम उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। कनाडा और मेक्सिको के शुल्क मूल रूप से फरवरी में शुरू होने वाले थे, लेकिन ट्रंप ने दो सबसे बड़े अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के साथ आगे बातचीत करने के लिए 30-दिवसीय निलंबन पर सहमति व्यक्त की। शुल्क का घोषित कारण ड्रग तस्करी और अवैध आव्रजन को संबोधित करना है, और दोनों देशों का कहना है कि उन्होंने इन मुद्दों पर प्रगति की है। हालांकि, ट्रंप ने यह भी कहा है कि शुल्क तभी कम होंगे जब अमेरिकी व्यापार असंतुलन बंद हो जाएगा, एक ऐसी प्रक्रिया जिसका राजनीतिक समयसीमा पर समाधान होने की संभावना नहीं है।

### न्यूज ब्रीफ

#### किम की बहन ने दक्षिण कोरिया में अमेरिकी विमानवाहक पोत की तैनाती पर जवाबी प्रतिक्रिया की धमकी दी

» **सियोल, भाषा।**



**उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन की बहन ने दक्षिण कोरिया में अमेरिकी विमान वाहक पोत और अन्य सैन्य गतिविधियों पर जवाबी प्रतिक्रिया देने की मंगलवार को धमकी दी। किम यो जोंग ने इसे अमेरिका और उसके पिट्ठुओं का टकरावपूर्ण उन्मादी कदम करार दिया। किम यो जोंग की चेतावनी का तात्पर्य यह है कि उत्तर कोरिया संभवतः हथियार परीक्षण गतिविधियों में तेजी लाएगा तथा अमेरिका के खिलाफ टकराव का रुख बरकरार रखेगा। हालांकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह कूटनीति को पुनर्जीवित करने के लिए किम जोंग उन से संपर्क करेंगे।**

सरकारी मीडिया की खबर के मुताबिक, एक बयान में किम यो जोंग ने अमेरिका पर उत्तर कोरिया के प्रति अपनी सबसे शत्रुतापूर्ण और टकराव वाली इच्छा को स्पष्ट रूप से दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कोरिया प्रायद्वीप में अमेरिकी रणनीतिक संसाधनों की तैनाती उत्तर कोरिया की सुरक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है और उत्तर कोरिया रणनीतिक स्तर पर दुश्मन की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली कार्रवाइयों को बढ़ाने के विकल्प की सावधानीपूर्वक जांच करने की भी योजना बना रहा है।

#### मैं शाही कर्तव्यों और विश्वविद्यालय की अपनी पढ़ाई के बीच संतुलन बनाए रखूंगा : जापान के राजकुमार

**तोक्यो।** जापान के राजकुमार हिसाहितो ने कहा कि वह अपने आधिकारिक कर्तव्यों और विश्वविद्यालय की पढ़ाई तथा ड्रैगनफ्लाई पर शोध के बीच संतुलन बनाने का प्रयास करेंगे। राजकुमार हिसाहितो राजसिंहासन के लिए दूसरे दावेदार हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को बताया कि वह अगले महीने से शुरू होने वाली अपनी विश्वविद्यालय की पढ़ाई के दौरान अपने चाचा सम्राट नारुहितो और शाही परिवार के अन्य वरिष्ठ सदस्यों के अच्छे उदाहरणों का अनुसरण करेंगे।

# बीएपीएस जोहानिसबर्ग होगा दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा मंदिर, 2027 में होगा तैयार

» **जोहानिसबर्ग।, भाषा।**

**अबूधाबी के बाद अब जोहानिसबर्ग के सबसे व्यस्त और खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में 37,000 वर्ग मीटर में फैले बीएपीएस मंदिर और सांस्कृतिक परिसर के निर्माण के पहले चरण का काम पूरा हो चुका है और अगले तीन साल में तैयार होने वाला यह दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा हिंदू मंदिर होगा। पिछले साल फरवरी में अबूधाबी में मध्य पूर्व के पहले अलंकृत नक्काशीदार हिंदू मंदिर के उद्घाटन के बाद बोचासनवासी अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) ने दक्षिण अफ्रीका में इस मंदिर पर युद्धस्तर पर काम शुरू किया। पिछले महीने मंदिर के 33,000 वर्ग मीटर में फैले सांस्कृतिक परिसर का उद्घाटन मौजूदा गुरू महंत स्वामी महाराज की मौजूदगी में हुआ और अब दूसरे चरण में 2,500 वर्ग मीटर के परिसर वाले पारंपरिक मंदिर पर काम शुरू होगा। खूबसूरत लैनसेरिया कॉरिडोर में बन रहे इस मंदिर को बहुसांस्कृतिक विनिमय, विभिन्न धर्मों के बीच संवाद और दक्षिण अफ्रीका में बीएपीएस के मानवीय कार्यों का केंद्र बनाया जाएगा।**



बीएपीएस दक्षिण अफ्रीका के प्रवक्ता हेमांग देसाई ने भाषा से कहा , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछली दक्षिण अफ्रीका यात्रा में इस मंदिर की परियोजना का अनावरण किया था। हमें यकीन है कि इस साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाले जी20 (22 और 23 नवंबर) सम्मेलन के दौरान वह फिर यहां आएंगे। बीएपीएस हिंदू मंदिर और सांस्कृतिक परिसर दक्षिण अफ्रीकी भारतीय समुदाय के लचीलेपन और समर्पण का प्रमाण होगा जिसने गिरमिटिया श्रम और रंगभेद की प्रतिकूलताओं का सामना किया है। यह दक्षिण अफ्रीका में उनके स्थाई योगदान की बानगी देगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक धरोहर होगा। देसाई ने कहा , कलात्मक दृष्टि से अबूधाबी मंदिर में हमने स्थानीय संस्कृति और इतिहास से काफी प्रेरणा ली। इसी तरह अफ्रीका की कला और संस्कृति के साथ हिंदू धर्म और भारतीय संस्कृति की समृद्ध विरासत की झलक यहां साथ साथ मिलेगी। उन्होंने कहा , यह जोहानिसबर्ग में पर्यटन की दृष्टि से भी प्रमुख आकर्षण होगा जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। अगर कोरोना की रूकावट नहीं आई होती तो हम बहुत पहले ही यह मंदिर बना लेते। इस परिसर के निर्माण में पर्यावरण अनुकूलता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है और 500 से अधिक वृक्ष लगाकर जल दक्षता, सौर तत्परता और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता दी गई है। सौंदईकरण का अधिकतर सामान भारत से मंगवाया गया है। बीएपीएस दक्षिण अफ्रीका की स्थापना 1974 में रंगभेद के दौर में 30 लोगों ने मिलकर की थी। अब यहां संस्था के सात मंदिर, आठ कम्युनिटी सेंटर और 2000 से अधिक सदस्य हैं। ट्रस्टी बोर्ड के सदस्य मृणाल भगवान ने कहा , दिवंगत प्रमुख स्वामीजी महाराज की प्रेरणा से 2012 में यह भूखंड खरीदा गया और हमारे मौजूदा गुरू महंत स्वामीजी महाराज ने हमें बीएपीएस हवेली, सांस्कृतिक केंद्र और मंदिर बनाने की प्रेरणा दी जिसके लिए भूमि पूजन 2017 में किया गया। उन्होंने बताया कि 14.5 एकड़ में शहर के सबसे खूबसूरत इलाके में बन रहे इस मंदिर में बड़ा सभा हॉल, बैंक्वेट हॉल, सात्विक भोजन के लिए शायोना रेस्तरां, मंदिर हॉल और विभिन्न गतिविधियों के लिए 20 कमरे होंगे। उन्होंने कहा , 33000 वर्गमीटर में फैली हवेली का काम पूरा हो चुका है। मंदिर की नींव का काम हो गया है और तीन साल में मंदिर तैयार हो जाएगा। हमने भारत में जयपुर, तिरूपति समेत विभिन्न शहरों से भगवान स्वामी नारायण, उनके शिष्य अक्षर पुरूषोत्तम, राधाकृष्ण, सीताराम, शंकर पार्वती, गणपति जी, तिरूपति बालाजी, हनुमानजी, कार्तिक मुरूगन स्वामी की मूर्तियां लाकर प्राण प्रतिष्ठा कर दी है। उन्होंने कहा कि मंदिर तैयार होने पर इन मूर्तियों की वहां पुनर्स्थापना की जाएगी। उनके अनुसार, जल्दी ही योग, विभिन्न भारतीय भाषाओं, संगीत, नृत्य की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। हमें प्रति सप्ताह यहां दस हजार से अधिक लोगों के आने की उम्मीद है। मंदिर की लागत के बारे में उन्होंने बताया , यह कहना मुश्किल है क्योंकि अधिकतर पैसा दान से आया है हालांकि यहां सरकार का रवैया भी कर और वैट को लेकर काफी सकारात्मक रहा है। मंदिर का एक मुख्य आकर्षण सात्विक रसोई है जहां मोहन थाल, लड्डू साबूदाना बड़ा, खीर और एकादशी या उत्सव पर विशेष पारंपरिक व्यंजन परोसे जाते हैं।

## जापान के जंगलों में लगी आग के कारण सैकड़ों लोगों ने घर छोड़ा, दर्जनों मकान क्षतिग्रस्त



» **तोक्यो, भाषा।**

**जापान के जंगलों में लगी आग ने पूर्वोत्तर के एक तटीय शहर में दर्जनों मकानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और सैकड़ों लोगों को अपने घर छोड़कर जाने पर मजबूर कर दिया है। अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के अनुसार, ओफुनाटो में पिछले बुधवार को लगी आग से अब तक लगभग 2,100 हेक्टेयर (5,190 एकड़) जंगल जल चुका है। एजेंसी ने बताया कि कम से कम 84 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 1,200 से ज्यादा लोगों को निकाला गया है।**

कुछ इलाकों में आग की स्थिति कम हुई है। इससे निपटने के लिए देश भर से 2,000 से ज़्यादा सैनिक और दमकलकर्मी तैनात किए गए हैं। एजेंसी ने बताया कि पिछले बृहस्पतिवार को सड़क पर एक व्यक्ति मृत मिला था तथा अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या यह मौत आग से जुड़ी है।

### उत्तर अफ्रीकी देश — युद्ध के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग अपने-अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हुए

# पिछले साल की शुरुआत से सूडान में 200 से अधिक बच्चों से बलात्कार हुआ : यूनिसेफ

» **काहिरा, भाषा।**

**संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी यूनिसेफ ने मंगलवार को बताया कि संघर्ष-ग्रस्त सूडान में 2024 की शुरुआत से एक साल की उम्र तक के बच्चे बलात्कार का शिकार हुए हैं। यूनिसेफ के अनुसार, यौन हिंसा का इस्तेमाल युद्ध की रणनीति के रूप में किया जा रहा है। यूनिसेफ ने बताया कि उत्तर अफ्रीकी देश में लिंग आधारित हिंसा के विषय में काम करने वाली संस्थाओं द्वारा संकलित रिकॉर्ड के अनुसार, सशस्त्र बलों ने लड़कों सहित 221 बच्चों से बलात्कार किया। सूडान में युद्ध की शुरुआत अप्रैल 2023 में सेना और उसके प्रतिद्वंद्वी अर्द्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स के बीच खार्तूम में लड़ाई से हुई जो देश भर में फैल गई। तब से कम से कम 20,000 लोग मारे गए हैं, हालांकि यह संख्या कहीं अधिक होने की आशंका है।**



युद्ध के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग अपने-अपने घरों को छोड़ने पर मजबूर हुए और देश के कुछ हिस्से भुखमरी की कगार पर हैं। अधिकार समूहों का कहना है कि यौन हिंसा और जबरन बाल विवाह सहित अत्याचार दोनों पक्षों द्वारा किए गए हैं। यूनिसेफ ने पिछले महीने बताया था कि युद्ध शुरू होने के बाद से अनुमानित 61,800 बच्चे आंतरिक रूप से विस्थापित हुए हैं। यूनिसेफ ने कहा कि बच्चों के साथ बलात्कार के मामलों में 30 प्रतिशत से अधिक पीड़ित लड़के थे। पीड़ितों में पांच वर्ष से कम उम्र के 16 बच्चे और चार शिशु शामिल हैं। ये मामले गदारेफ, कसाला, गेजेरा, खार्तूम, रिवर नाइल, नॉर्दर्न स्टेट, साउथ कोर्दोफन, नॉर्थ दारफुर और वेस्ट दारफुर राज्यों में दर्ज किए गए। यूनिसेफ की प्रवक्ता टेस इनग्राम ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया कि बलात्कार के शिकार हुए 221 बच्चों में से 73 मामले संघर्ष से संबंधित थे और 71 इससे संबंधित नहीं थे जबकि अन्य अज्ञात थे। यूनिसेफ की कार्यकारी निदेशक कैथरीन रसेल ने रिपोर्ट में कहा कि बलात्कार सहित यौन हिंसा का इस्तेमाल युद्ध की रणनीति के रूप में किया जा रहा है जो अंतरराष्ट्रीय कानून और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों का उल्लंघन है।

## पूर्वी कांगो में विद्रोहियों ने अस्पतालों से 130 मरीजों का अपहरण किया: संयुक्त राष्ट्र

**डकार (सेंगेल)।** रवांडा समर्थित एम 23 विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के एक प्रमुख शहर के दो अस्पतालों से कम से कम 130 बीमार एवं घायल लोगों का अपहरण कर लिया। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने एक बयान में कहा कि 28 फरवरी को एम23 लड़ाकों ने गोमा स्थित सीबीसीए एनडोशो अस्पताल और हील अफ्रीका अस्पताल पर हमला किया। यह एक रणनीतिक शहर है जिस पर विद्रोहियों ने इस वर्ष के शुरू में कब्जा कर लिया था। विद्रोहियों ने सीबीसीए से 116 रोगियों और हील अफ्रीका से 15 अन्य लोगों को अगवा कर लिया। इनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे कांगो सेना के सैनिक या सरकार समर्थक वाजालेंडो मिलिशिया के सदस्य थे।

# जयशंकर लंदन पहुंचे, यूके, आयरलैंड दौरा शुरू

» **लंदन, भाषा।**

**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ब्रिटेन और आयरलैंड के साथ द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के लिए मंगलवार को लंदन पहुंचे और इसी के साथ उनकी छह दिवसीय यात्रा शुरू हो गई। यात्रा से पहले एक बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा कि जयशंकर की यात्रा से दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंध नवीनीकृत होंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी है, जो रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोगों के बीच आपसी संबंधों सहित विविध क्षेत्रों में मजबूत हुई है। जयशंकर मंगलवार और बुधवार को ब्रिटिश विदेश मंत्री डेविड लैमी के साथ उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों तथा ब्रिटेन में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलेंगे।**



बंद कमरे में होने वाली उनकी चर्चा का फोकस हाल ही में पुनः शुरू की गई भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) वार्ता, व्यापक विदेश नीति और सुरक्षा मुद्दों पर होगा, तथा रूस-यूक्रेन संघर्ष मे स्थाई शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक नेतृत्व करने के ब्रिटेन के प्रयासों पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बुधवार शाम को जयशंकर लंदन के चैथम हाउस थिंक टैंक में भारत का उदय और विश्व में भूमिका विषय पर एक सत्र में भाग लेंगे। बृहस्पतिवार को उनके डबलिन में आयरलैंड के अपने समकक्ष साइमन हैरिस और आयरलैंड में भारतीय समुदाय के सदस्यों से मिलने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा,भारत और आयरलैंड के बीच साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, सांस्कृतिक संबंधों और बढ़ते आर्थिक संबंधों पर आधारित मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंध हैं। विदेश मंत्री शुक्रवार को उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ब्रिटेन लौटेंगे, उसके बाद शनिवार को उत्तरी इंग्लैंड के मैनचेस्टर शहर में भारत के एक और वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्त्वाधिकारी मुन्ना खान के लिए श्री राम ऑफसेट, 6, शॉपिंग सेंटर, जोरावर सिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312 मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाड़ा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक मुन्ना खान मों. 08058969180 कार्यालय फोन- 0141-2609886,